● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 105, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 22 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



जनता में इंडिया गठबंधन की शांत लहर : खरगे 5

हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने की इच्छा जताई 6

## भारत की सैन्य विरासत को खोजेगी उद्भव परियोजना

### सेना ने पुराने महाकाव्यों की शुरू की पड़ताल



**नई दिल्ली**

सेना प्रमुख जनरल मनोज ने उद्भव परियोजना के बारे में बताया जिससे भारत की समृद्ध विरासत के बारे में पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में देश के दृष्टिकोण को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पिछले साल यह परियोजना शुरू की गई।

इसमें उद्भव वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों की गहराई के बारे में है। इसके जरिए प्रतिष्ठित भारतीय और पश्चिमी विद्वानों के बीच पर्याप्त बौद्धिक अभिसरण का खुलासा किया है।

सेना प्रमुख मनोज पांडे ने भारतीय सामरिक संस्कृति में ऐतिहासिक पैटर्न के सम्मेलन में टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि यह उद्भव परियोजना बल को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए है। साथ ही भारत के प्राचीन रणनीतिक कौशल को समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकृत करके सेना को तैयार करना। उन्होंने कहा, इस परियोजना में वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों की गहनता से पड़ताल की गई है। यह पड़ताल परस्पर जुड़ाव, धार्मिकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित रही। उन्होंने बताया कि महाभारत की महाकाव्य लड़ाइयों, मौर्य, गुप्त और मराठों के शासनकाल की रणनीति के बारे में पता लगाया। पिछले साल रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि प्रोजेक्ट उद्भव को एक रणनीतिक शब्दावली और वैचारिक ढांचे को तैयार करने के लिए डिज़ाइन हुआ। इसमें भारत की दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अंतर्निहित है। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने कहा कि परियोजना उद्भव ने प्रख्यात भारतीय और पश्चिमी विद्वानों के बीच पर्याप्त बौद्धिक अभिसरण के बारे में बताता है। साथ ही उनके विचार, दर्शन और दृष्टिकोण के बीच प्रतिध्वनि को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की जनजातीय परंपराओं, मराठा नौसैनिक विरासत और सैन्य हस्तियों, विशेषकर महिलाओं के व्यक्तिगत वीरतापूर्ण कारनामों के बारे में बताया। साथ ही उनको नए क्षेत्रों में अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया। मनोज पांडे ने बताया कि यह परियोजना शिक्षाविदों, विद्वानों, अभ्यासकर्ताओं और सैन्य विशेषज्ञों के बीच नागरिक-सैन्य सहयोग को बढ़ावा देकर पूरे देश के दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

सेना प्रमुख ने कहा कि इस तरह के सामूहिक प्रयास से प्राचीन भारत की रक्षा और शासन के अध्ययन के दायरे को व्यापक किया जा सकता है। साथ ही भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण को समृद्ध किया जा सकता हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि हम अपनी सैन्य विरासत में अधिक खोज कर सकते हैं। युद्ध में कठोर भारतीय सशस्त्र बलों के विशाल अनुभव, बलिदान और जीत हमारी रणनीतिक संस्कृति को मजबूत करेंगे।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के इतिहास और विरासत को हमारी राष्ट्रीय संस्कृति और पहचान के अभिन्न अंग के रूप में मनाया जा रहा है। सेना ने भारतीय सैन्य प्रणालियों का विकास, युद्ध और सामरिक विचार - पुरातनता से स्वतंत्रता तक नामक प्रदर्शनी भी लगाई। जो कि भारत की सैन्य प्रणालियों और रणनीति के विकास को प्रदर्शित करता है। सेना प्रमुख ने प्रदर्शनी में कहा, मुझे यकीन है कि इससे हमारे अतीत के साथ-साथ वैश्विक क्षेत्र में भारतीय सेना की स्थिति को गहराई से समझने में मदद मिलेगी।

## सिंहस्थ संबंधी कार्य उज्जैन की जरूरतों और विकास के अनुसार हों : डॉ. मोहन यादव




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 की तैयारी के संबंध में मंत्रालय में अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन नगर की जरूरतों और विकास को ध्यान में रखते हुए सिंहस्थ पर केंद्रित कार्यों का क्रियान्वयन किया जाए। क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्षिप्रा के संरक्षण और जन सुविधा का ध्यान रखते हुए नदी के घाटों को विकसित किया जाए। सिंहस्थ के आयोजन, अनुवीक्षण और समन्वय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल समिति बनेगी। इसी वर्ष के बजट में 3 वर्ष में पूर्ण होने वाले कार्यों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ में आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जावरा-उज्जैन, इंदौर-उज्जैन फोरलेन, उज्जैन रेलवे स्टेशन की क्षमता वृद्धि तथा उज्जैन के आस-पास फ्लेग स्टेशन विकसित करने जैसे बड़े कार्यों को तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा को अविरल और निर्मल रखने के लिए सभी विभाग और एजेंसी तीन स्तर पर कार्य करेगी। इंदौर-उज्जैन के बीच स्टॉपडेम मरम्मत व निर्माण, गंदे पानी के डायवर्ज़न की योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके लिए आईआईटी से सुझाव और विकल्प भी प्राप्त किए जाएंगे। क्षिप्रा नदी के बेहतर स्वरूप के लिए नमामि क्षिप्रा कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। क्षिप्रा नदी पर सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र में नवीन घाटों का निर्माण किया जाएगा। इंदौर, सांवेर, देवास व उज्जैन नगरीय क्षेत्रों में वर्ष 2040 की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए जल-मल योजनाएं और सीवेज ट्रीटमेंट प्लान वर्ष 2027 से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे।

## सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की



**नई दिल्ली।** शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। हालांकि हाईकोर्ट ने उन्हें हफ्ते में एक दिन अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। हाईकोर्ट ने 14 मई को यह फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह केस सत्ता के दुरुपयोग का है। इनका मकसद था, ऐसी पॉलिसी बनाना जो कुछ लोगों के लिए फायदेमंद रहे और जिससे इन्हें कुछ मुनाफा मिलता रहे। याचिकाकर्ता के ऐसी पॉलिसी डिजाइन करने की इच्छा करते ही भ्रष्टाचार शुरू हो गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि सिसोदिया प्रभावशाली व्यक्ति हैं। कई लोगों ने उनके खिलाफ स्टेटमेंट दिया है। इसलिए इस संभावना को नहीं नकारा जा सकता है कि वे जमानत पर बाहर आकर इन लोगों को बयान बदलने के लिए कह सकते हैं। वहीं, आज ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी।

## मुंबई में फ्लाइट से टकराकर 36 फ्लेमिंगो की मौत

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में 36 फ्लेमिंगो (राजहंस) मरे हुए पाए गए। फोरेस्ट टीम को इसकी जानकारी दी गई, जब उन्होंने पता लगाया कि पक्षियों की मौत का कारण क्या रहा तो सामने आया कि प्लेन से टकराने से इनकी मौत हुई है। दरअसल, एमिरेट्स की फ्लाइट से ईके 508 सोमवार (20 मई) की रात को दुबई से उड़कर मुंबई आ रही थी। जब फ्लाइट घाटकोपर में पंतनगर के लक्ष्मी नगर इलाके के ऊपर से गुजर रही थी तब इन फ्लेमिंगों का झुंड फ्लाइट से टकराया और 36 पक्षियों की मौत हो गई।

## राजस्थान-एमपी समेत 6 राज्यों में हीटवेव का रेड अलर्ट



**नई दिल्ली।** देश में तेज गर्मी के साथ अब हीटवेव का दौर भी लगातार जारी है। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आज से 4 दिन तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के जम्मू डिविजन में भी आज लू चलने की चेतावनी है। मौसम विभाग ने कहा कि इन राज्यों में आने वाले 4-5 दिन तक लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

इसके अलावा लू की चेतावनी वाले राज्यों में में तापमान भी 44 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। दिल्ली के नजफगढ़ में सोमवार को तापमान 47.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार को तापमान 48 डिग्री के करीब पहुंचा था।

गर्मी की वजह से पंजाब के स्कूलों में मंगलवार से गर्मियों की छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। वहीं, हिमाचल, जम्मू में स्कूलों का समय जल्दी कर दिया गया है। दिल्ली में भी स्कूलों को तुरंत बंद करने को कहा गया है।

## अरविंद केजरीवाल ने कल्पना सोरेन को बताया झांसी की रानी

**इंदौर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होने वाला है। उससे पहले मंगलवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ यहां चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। इंडी गठबंधन की इस विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को झांसी की रानी बता दिया। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रही हैं।

## पोर्श से इंजीनियर्स को कुचलने वाले नाबालिग का पिता गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे एक्सीडेंट केस में पुलिस ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जिस पब में नाबालिग ने शराब पी थी, उसके मालिक और मैनेजर को भी अरेस्ट कर लिया। तीनों को 24 मई के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। विशाल अग्रवाल शहर के नामी बिल्डर हैं। पुणे में 19 मई को एक नाबालिग ने अपनी पोर्श कार से बाइक सवार दो आईटी इंजीनियर्स युवक-युवती को टक्कर मारी थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी नाबालिग 12वीं की परीक्षा पास करने पर अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके लौट रहा था। वह शराब के नशे में करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था। एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले युवक अनीश अवधिया मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर और युवती अश्विनी कोष्टा जबलपुर की रहने वाली थी। एक की डेड बॉडी कल (20 मई) और दूसरे की आज (21 मई) उनके घर पहुंची। अनीश के चाचा अखिलेश अवधिया ने कहा- ये हादसा नहीं हत्या है। आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी।

### संकट मोचन मंदिर में पीएम मोदी ने टेका मत्था

## लोकसभा चुनाव में जीत का मांगा आशीर्वाद

**वाराणसी।** वाराणसी में पीएम मोदी का महिलाओं के साथ सबसे बड़ा सम्मेलन मंगलवार को डॉ. संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में हुआ। मातृशक्ति सम्मेलन में महिलाओं से पीएम मोदी ने ज्यादा से ज्यादा मतदान बढ़ाने की अपील की। पीएम मोदी संकट मोचन मंदिर से निकलकर बरेका पहुंच गए हैं। पदाधिकारियों के साथ बैठक की। संकट मोचन मंदिर में पीएम मोदी ने दर्शन - पूजन किया। इसके बाद पीएम मोदी का काफिला वहां से निकला। थोड़ी देर में वो बरेका में स्थित अतिथि गृह में पहुंचेंगे।



पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर शहर में रूट डायवर्जन लागू किया गया है। इसके बावजूद शाम का समय होने के चलते लहरतारा चौराहे पर जाम लगा है। पीएम नरेंद्र मोदी सड़क मार्ग से संकट मोचन मंदिर पहुंच गए हैं। यहां पूजन- अर्चन कर चुनाव में प्रचंड जीत की कामना करेंगे। पीएम मोदी के संकट मोचन मंदिर पहुंचने को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आसपास की दुकानों व मंदिर के अंदर साफ- सफाई को लेकर अधिकारियों ने जायजा लिया। पीएम कुछ ही मिनट में मंदिर पहुंचेंगे। पीएम मोदी का काफिला मंडुवाडीह चौराहे से ककरमत्ता की ओर बढ़ा। थोड़ी देर में संकट मोचन मंदिर पहुंचेंगे। यहां हनुमान जी का दर्शन-पूजन कर लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत की कामना करेंगे। पीएम मोदी नारी शक्ति से संवाद करने के बाद संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से संकट मोचन हनुमान मंदिर के लिए रवाना हुए।

## भाई के चुनाव प्रचार में उतरे अखिलेश यादव, कहा- 140 सीटों के लिए तरस जाएगी बीजेपी

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में बीजेपी ने उद्योगपतियों के 25 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए। अगर बीजेपी ने बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए हैं, तो 4 जून के बाद जब सरकार इंडी गठबंधन की बनेगी, तो हम गरीबों, किसानों और गांवों में रहने वाले लोगों का कर्ज माफ करेंगे।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ जो वोटिंग शुरू हुई है वह पूर्वांचल चुनाव होने तक जारी रहेगी। सातवां चरण खत्म होते-होते बीजेपी का सफाया हो जाएगा। बीजेपी को जनता 140 सीटों के लिए तरसा देगी। एयरपोर्ट, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे आदि का निर्माण समाजवादी पार्टी का काम है।

आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी (सपा) की एक सार्वजनिक रैली के दौरान भगदड़ मच गई थी। भगदड़ मचता देखते हुए पुलिस ने सपा समर्थकों पर लाठी चार्ज कर दी। समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इस बीच समर्थकों और पुलिस के बीच हाथापाई भी हो गई।

### झरोखा




## प्रदेश के महाविद्यालयों में सात साल बाद फिर शुरू हो सकते हैं छात्रसंघ के चुनाव

**भोपाल।** प्रदेश के विश्वविद्यालयों व कालेजों के विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए इस साल विश्वविद्यालयों व कालेजों में छात्रसंघ चुनाव होने की संभावना है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 की गाइडलाइन तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बार चुनाव की संभावना इसलिए है, क्योंकि वर्तमान मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रस्ताव तैयार कराया था और मुख्यमंत्री को भेजा था। इस बार वे खुद मुख्यमंत्री हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद छात्रसंघ के चुनाव होने की पूरी संभावनाएं दिख रही हैं। इस संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने प्रत्याक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग की है, ताकि निष्पक्ष नेता को चुना जा सके। बता दें, कि 2017 के बाद प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद विश्वविद्यालयों व कालेजों में इसकी तैयारियां शुरू होंगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चुनाव के लिए 15 दिन का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।एबीवीपी के सदस्यों का कहना है कि 2017 में पिछली बार उच्च शिक्षा विभाग ने निजी और सरकारी महाविद्यालयों में अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए गए थे।इसको ना तो छात्र संगठन ने माना था और न ही तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने इसका समर्थन किया था।उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने को लेकर सरकार को पत्र भी लिखा था।प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में कालेज का कोई भी विद्यार्थी छात्रसंघ का चुनाव लड़ सकता है।

## 5वें चरण के बाद बीजेपी 310 सीटें जीत रही : शाह

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के 5 चरण हो चुके हैं। 25 मई को छठे फेज की वोटिंग है। दिग्गजों का प्रचार जारी है। इसी दौरान अमित शाह ने संबलपुर में कहा कि पांच चरण का चुनाव हो चुका है और इसमें भाजपा को 310 सीटें मिल रही हैं। छठे और सातवें चरण की वोटिंग के बाद भाजपा की 400+ सीटें सुरक्षित हो जाएंगी।

शाह ने ये भी कहा कि ओडिशा के लोगों को बाबू राज (नवीन पटनायक) मुक्ति मिलने वाली है। ओडिशा का शासन अफसरों के भरोसे चलाया जा रहा है। नवीन पटनायक सरकार ने ओडिशा के गौरव, भाषा, संस्कृति और परंपराओं का अपमान किया है। अगर लोगों ने भाजपा को वोट दिया तो उत्कल भूमि पर कोई भूमिपुत्र शासन करेगा, कोई तमिल बाबू नहीं। पूर्व आईएएस अफसर रहे वीके पांडियन को पटनायक का दाहिना हाथ कहा जाता है।



वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 4 जून हमारे लिए 2004 जैसा मौका लाएगा। इस चुनाव में इंडिया ब्लॉक को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में जयराम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सांप्रदायिकता की पिच पर खेल रहे हैं, लेकिन हम उनकी गुगली और बाउंसर्स को नाकाम कर दे रहे हैं।

जयराम ने बताया कि लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि हमारा प्रधानमंत्री कौन होगा? 2004 लोकसभा चुनाव के नतीजे 13 मई को आए थे। 17 मई को ये साफ हो गया था कि मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री होंगे। इस बार ये फैसला और जल्दी होगा। ये भारत का आम चुनाव है, कोई ब्यूटी कॉन्टेस्ट या कौन बनेगा प्रधानमंत्री नहीं। चुनाव में ये देखना होगा कि किस गठबंधन का बहुमत मिलता है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- मैं जब बंगाल आया तो मैं सबसे पहले संदेशखाली गया, वहां माताओं-बहनों ने जो बताया वह सुनकर दिल व्यथित हो गया। वहां माताओं-बहनों पर अत्याचार हो रहा है, ये सब शाहजहां शेख जैसे गुंडे करते हैं लेकिन ममता दीदी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अगर शेख शहाजहां जैसे गुंडे असम में होते तो मैं 10 मिनट में उसका हिसाब कर देता। मैं दीदी (ममता बनर्जी) को कहना चाहता हूं कि अगर वे शाहजहां पर कार्रवाई नहीं सकती तो शाहजहां को मुझे सौंप दें। मैं उसे असम ले जाऊंगा और वहां उसका हिसाब कर दूंगा।

संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को पुलिस ने 29 फरवरी को नॉर्थ 24 परगना से गिरफ्तार किया था। शाहजहां शेख 55 दिन फरार रहा था। साउथ बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने बताया था कि वह 5 जनवरी को ईडी अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार 21 मई को बशीरहाट में सभा की। पीएम नरेंद्र मोदी के बशीरहाट कैंडिडेंट और यौन शोषण पीड़ित रेखा पात्रा से फोन पर बात की थी। ममता ने इसे आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा बेहद खराब ट्रैक रिकॉर्ड रहा है।

# प्रेमजाल में फंसाकर युवक ने युवती से बनाए अवैध संबंध फिर मुकदमे से बचने के लिए की शादी

### पहली बार ससुराल गई नवविवाहिता हुई दहेज प्रताड़ना का शिकार

### नवविवाहिता की शिकायत पर पति समेत 5 के खिलाफ बरगवा पुलिस ने मामला किया दर्ज

**सिंगरौली।** दहेज एक अभिशाप है। जिसकी सभ्य समाज में कोई जगह नही होनी चाहिए लेकिन दहेज लोभियों की मांग और मांग पूरी न होने पर प्रताड़ना का जो दौर 21 सदी के इस आधुनिक भारत में शुरू हुआ है। वो कई घरों को बर्बाद करता जा रहा है। जिसका शिकार केवल दो परिवार ही नही होता है बल्कि इसका असर सारे समाज पर होता है।

एक लड़की की जब शादी होती है तो उसके कई सारे सपने होते है। कई सारे अरमान होते है। जिसे वो शायद काफी समय से संजोकर रखती है। पर जब उसके सपने , अरमान पहली बार ही ब्याह कर ससुराल जाने पर चकनाचूर हो जाते है। तो दोनो परिवारों के संबंधों पर पानी फिर जाता है। जो एक नए दाम्पत्य जीवन में विच्छेद का रूप ले लेता है। ऐसे समय में कई सारी लड़कियां टूट सी जाती है। कई तो आत्मघाती कदम उठाने पर विवश हो जाती है। परंतु जीवन की हर मुश्किल घड़ी में धैर्य को रखना ही उचित होता है। इसीलिए कहा गया है कि हर एक मुश्किल का हल होगा , आज नही तो कल होगा। ऐसा ही एक अजीबोगरीब मामला जिले के बरगवा थानाक्षेत्र के पोखरा गांव से निकलकर सामने आया है। जहां एक नवविवाहिता शादी के बाद पहली बार ससुराल जाते ही दहेज उत्पीड़न का शिकार हुई है। पीड़ित नवविवाहिता की दास्तान को सुनकर बरगवा पुलिस भी दंग रह गई। बहरहाल नव विवाहिता की शिकायत पर बरगवा पुलिस ने दहेजलोभी आरोपी पति दीपक कुमार यादव, ससुर वृंदावन यादव, सास द्रौपदी यादव, जेठ संदीप यादव, ननद प्रतिमा यादव सभी निवासी औडी मोड़ अनपरा सोनभद्र यूपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0481/2024, भा.द.वि.1860 की धारा 498, 506 ,34 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और 4 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।




### दहेज प्रताड़ना की कहानी पीड़िता की जुबानी

बरगवा पुलिस को दिए अपने लिखित शिकायत में नवविवाहिता युवती ने बताया है कि वह बी.एस.सी.नर्सिंग की पढ़ाई की हुई है। पढ़ाई के दरमियान दीपक यादव नाम के लड़के से संपर्क हुआ । जिसने मुझे प्रेम जाल में फंसाकर मुझसे अवैध संबंध बनाए। जिसकी जानकारी उजागर होने पर मुकदमे में न फसने के लिए उसने मेरे साथ शादी की। दिनांक 25 अप्रैल 2024 को मेरे माता-पिता मेरी शादी दीपक कुमार यादव निवासी ग्राम औंढी मोड थाना अनपरा जिला सोनभद्र (उ.प्र.) के साथ हिन्दू रीति रिवाज से किये थे। शादी के समय कोई दान दहेज की बात नही हुई थी। मेरे पिताजी अपने हैसियत के मुताबिक दहेज दिये थे। दिनांक 26/04/2024 को शाम 4 बजे जैसे ही मै अपनी ससुराल पहुची तो दहेज की सामाग्री देखकर मेरे पति दीपक कुमार यादव, सास द्रोपति यादव, जेठ संदीप यादव, ससुर वृन्दावन यादव, ननद प्रतिमा यादव बोलने लगे कि मेरी हैसियत को देखते हुये यह सारा दहेज तो नहीं के बराबर है। इस दहेज से तो मेरी भारी बेज्जती हुई है। हम दहेज को स्वीकार नही करेगें न ही इस लडकी को अपने घर में रहने देंगे। बडे मुश्किल के बाद बाराती लोगों के समझाने बुझाने के बाद मेरा परछन हुआ। तब मैं घर के अंदर प्रवेश की। जिसके बाद सभी लोग बोलने लगे कि हमे दहेज मे क्रेटा कार तथा 10 लाख रुपये नगदी चाहिये। तब हम लोग संतुष्ट होंगे अन्यथा नही। उसके बाद से उपरोक्त पांचो लोग ताना मारने लगे कि इसका बाप भिखारी है। मेरे नाम, पद, प्रतिष्ठा को देखकर मेरे कुल मे कलंक लगा दिया है। हद तो तब हो गई जब उस दिन सभी लोगो ने मुझे खाना तक नही दिया किन्तु मैं अपने पिता को नही बताई कि मेरे पिता काफी दुखी होगे। हो सकता है कि समय के साथ ससुराल के लोगो मे सुधार हो जाये किन्तु दुसरे दिन मेरे पति मेरे साथ मारपीट किये। इसके बाद सासुमां तथा ननद मिलकर घर के अंदर घसीट-घसीट कर मारे तथा जेठ व पति बोलने लगे कि पेट्रोल डालकर आग लगा दो। तब मैं परेशान होकर अपने पिता को घटना की सारी बाते बताई। मेरे माता-पिता मुझे समझाने लगे कि तुम शांत रहो। धीरे-धीरे सब ठीक हो जायेगा। उस दिन से मेरे पति, सास, ननद, जेठ एवं ससुर मेरा मोबाइल भी छीन लिये। मुझे अपने माता-पिता से बात भी नहीं करने देते थे। जिसके बाद दिनांक 05/05/2024 से 07/05/2024 के बीच मेरा सारा जेवर उतारकर रख लिये थे। मै बिना जेवर के अपने ससुराल में रहती थी। दिनांक 12/05/2024 की सुबह 8 बजे मेरे पति, जेठ, सास, ननद तथा ससुर पांचो लोग मिलकर मेरे साथ मारपीट किये। मारपीट से मेरे दांहिने आंख के नीचे, बांय हाथ की कोहनी के पास तथा पीठ व सीने मे अंदरुनी चोटे भी आई। मारपीट के बाद मेरे पति बेज्जती पूर्वक मुझे वर्ना कार मे जबरदस्ती बैठाकर मुझे ग्राम पोखरा रोढी कुंआ के पहाड के पास छोड दिये। जहां मै हाथ पैर जोडने लगी तो मेरे पति वहां भी मेरे साथ मारपीट किये है। घटना गांव के दो लोगों ने देखा है। जिन्होंने बीच बचाव किया। तब मेरा पति अपनी कार लेकर वापस चला गया है तथा मै अपने घर आकर घटना की सारी बाते अपने पिता, मां, भाई व परिवार के सारे लोगो को बताई हूँ। इसके बाद भी मै सोची कि शायद मेरे ससुराल वाले मेरे पास आयेगे लेकिन वो नहीं आए।

# स्व सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा गणवेश वितरण का कार्य

**सिंगरौली।** ग्रामीण राज्य आजीविका मिशन के डीपीएम मंगलेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अभी तक 90.00 प्रतिशत गणवेश कक्षा 01 से 08 तक के बच्चो को वितरण किया जा चुका है। जिसमें विकासखण्डवार अगर बात किया जाये तो बैढन में 84310 के विरूद्ध 68472, (81.00 प्रतिशत) गणवेश का वितरण किया जा चुका है इसी प्रकार चितरंगी 104286 के विरूद्ध 94708, (91.00 प्रतिशत ) इसी क्रम में देवसर की अगर बात कहीं जाये तो 91372 के विरूद्ध 86574 (95.00 प्रतिशत) गणवेश का वितरण आजीविका मिशन के 165 स्व सहायता समूहों के माध्यम से गणवेश का वितरण किया जा चुका है। इसी क्रम में अगर शिक्षा विभाग की बात की जाये तो जिलें मे लगभग 60.00 प्रतिशत गणवेश वितरण की पुष्टि पोर्टल पर विभाग द्वारा किया जा चुका है। गणवेश वितरण हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राज्य कार्यालय द्वारा दिसम्बर 2023 में निर्देष प्राप्त हुये थे। जिसके अनुरूप जनवरी 2024 में कलर का निर्धारण किया गया है तत्पश्चात समूहो को सूचना उपरांत फरवरी 2024 से समूहो के द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया है। गणवेश का कार्य सिंगरौली जिले में स्व सहायता समूह के माध्यम से स्कूलो में वितरित किया जाना था। गणवेश कार्य हेतु स्व सहायता समूह को राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से सीधे खाते मे गणवेश की 75 प्रतिशत राशि प्रदान की गई थी समूहो के माध्यम से गणवेश का कार्य कक्षा 01 से लेकर 08 तक वितरित किया जाना था गणवेश सत्र 2023-24 में कक्षा 5 एवं 8 इस वर्ष जोडा गया था जिसमें समूहो को राशि माह फरवरी में प्राप्त हुई एवं अभी भी कुछ समूहो को राशि प्राप्त नही हुई है। गणवेश वितरण का कार्य कलर एवं स्पेशिफिकेशन अनुसार समूह के माध्यम से किया जा रहा है। गणवेश का कार्य 165 समूह के माध्यम से किया जा रहा है। गणवेश वितरण का कार्य प्रत्येक बच्चे को दो जोडी समूह के माध्यम से प्रदान किया जाना है जिसमें एक ड्रेस की कीमत 300 रूपयें है जिसमें कपडा एवं सिलाई सहित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा रखी गई है।

# 56 नग नीवन नलकूप खनन का कार्य सम्पन्न

### पेयजल समस्या के निवारण हेतु नलकूप खनन का कार्य प्रगति पर

सिंगरौली

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग लवलेश राठौर ने जानकारी देते हुये बताया कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश के परिपालन में लोकस्वास्थ्य यात्रिकी विभाग द्वारा सिंगरौली जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में वर्तमान में ग्राष्मकाल में पेयजल व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधियो द्वारा अनुशंसित समस्या मूलक ग्राम की बसाहटो में विभागीय तथा संविदाकारो की बोरिग मशीनो से विकास खण्ड चितरंगी में 34 नवीन नलकूपो का खनन पूर्ण किया गया है जिसमे तमई में तीन नग, पड़री कला में तीन नग, पड़री खुर्द में एक नग, नौडिहवा में दो नग, गोड़गवा में एक नग देवसरी प्रथम में तीन नग, बोदाखुटा में चार नग, बूढ़ाडोंल में एक नग, गीर में दो नग, मटिहानी में एक नग, चुरकी में एक नग, खोखवा में एक नग, परसोहर में एक नग, सकरिया में एक नग, सुलखान खुर्द में चार नग, सुलखान कला में एक नग, कुड़ैनिया दो में एक नग, डूमरचुआ में दो नग, चकरिया में एक नग, तथा विकास खण्ड बैढ़न में कुल 22 गन नवीन हैन्डपम्प का खनन पूर्ण किया गया है जिसमें ढोटी टोला में दो नग, झाझी टोला में दो नगर, बसौड़ा मे दो नग, करकोसा में दो नगर, चचर में एक नग, सिद्धिखुर्द में दो नग, काम में दो नग, गहिड़ार में एक नग, पड़री में चार नग, सोलंग में छः नग का खनन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए जहा हैन्डपम्पो का निरंतर सुधार कार्य जारी है नल जल योजनाओं को संचालित किया गया है वही नवीन हैन्डपम्प नलकूल खनन का कार्य जारी है।

# निगम का अतिक्रमण पर बुलडोजर अभियान जारी रहेगा

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर नगर के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। निगम आयुक्त द्वारा नगरीय क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड में पेयजल की व्यवस्था को देखें। साथ ही पिछले सप्ताह अनुपयोगी नल कनेक्शन को चिन्हित करने के लिए जो दल गठित किया गया था उस रिपोर्ट के आधार पर आगामी दिनों में अनुपयोगी नल कनेक्शन को हटाने की कार्रवाई करे। जिससे पानी दूरगामी क्षेत्र तक प्रेशर के



साथ पहुंच सके।इसके साथ ही निगम आयुक्त द्वार सभी वार्ड प्रभारी को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्ड में लोगों को जागरूक करें कि पानी का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से और आवश्यक कार्यों के लिए ही करें।निगम आयुक्त ने विद्युत की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए के सभी वार्ड, सार्वजनिक स्थल और पार्कों में लाइट की समुचित व्यवस्था हो इसके साथ ही दिन के समय किसी भी जगह अनावश्यक स्ट्रीट लाइट बल्ब चालू ना रहे।निगम आयुक्त ने नगर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शहर की अवैध कॉलोनी को चिन्हित करने के लिए एक दल गठित कर उसकी रिपोर्ट अगली टीएल में प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही नगर की जो वैध कॉलोनी है उनमें समुचित और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता उस क्षेत्र के वार्ड प्रभारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां सभी वार्डों में समय पर पहुंचे और लोगों को जागरूक करें कि घर से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके ही दे। ऐसा न करने वालों को समझाइश दी जाए और फिर भी न मानने पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाए।इसके साथ ही निगम द्वारा जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया गया था उसकी समीक्षा कर निर्देश दिए कि कल बुधवार को सुबह 9:30 बजे निगम दल के साथ उन स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि आज शाम अनाउंसमेंट के माध्यम से सभी को सूचित कराया जाए और कल सुबह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई महाजन मोड़ से शुरू की जाएगी।

# भारतीय जनता पार्टी की विशेष बैठक बुधवार को

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की विशेष कामकाजी बैठक 22 मई दिन बुधवार को जिला कार्यालय के सभागार में दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह उपस्थित रहेंगे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समस्त जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि लोकसभा चुनावों के बाद इस पहली कामयाबी बैठक में चुनावी समीक्षा से लेकर आगामी मतगणना तैयारियों तक की रूपरेखा तय की जावेगी तथा पार्टी के अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के कार्यों की भी समीक्षा इस बैठक में होगी। बैठक में समस्त जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक तथा प्रभारी, मंडल अध्यक्ष तथा मोर्चा जिलाध्यक्ष अपेक्षित किये गये हैं।

# मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बने रमेशचंद्र जायसवाल

**सिंगरौली।** पंचायत सचिव संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रांतीय कार्यकारिणी के संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत व प्रदेश के कार्यकारणी के अनुमोदन उपरांत तथा सिंगरौली जिला अध्यक्ष अनिल द्विवेदी के सहमति उपरांत रमेशचंद्र जायसवाल पंचायत सचिव ग्राम पंचायत बकहुल जनपद पंचायत देवसर को सिंगरौली जिला का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। ये संगठन के जानकार लोगों मे शुमार हैं बता दें कि रमेशचंद्र जायसवाल छात्र राजनीति मे काम कर चुके हैं। श्री जायसवाल जी को नवीन जिम्मेदारी मिलने के बाद में संगठन को एक नई गति प्रदान होगी, इसके साथ ही लाखन सिंह, अशोक साकेत,सुंदर सिंह, हरिहर जायसवाल सहित अन्य साथियों ने नवीन जिम्मेदारी मिलने के बाद बधाई प्रेषित की है। तो वही रमेशचंद्र जायसवाल का कहना हैं मिले इस नवीन जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर रघुवंशी,सुरेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष यादवेंद्र परिहार, मुख्य सदस्य एन एस परिहार,भजन जी,राजेश जी, प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी के प्रति आभार जताया है।

# गलत आदत सफलता की सबसे बड़ी शत्रु है : रामकुमार

**सिंगरौली।** विंध्यनगर ब्रह्मा कुमारीज कैंपस में 10 दिन से चल रहे बच्चों के समर कैंप में अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए द्य जैसे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता , चित्रकला, नृत्य कला प्रतियोगिता आदि। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बच्चों को हर क्षेत्र में टॉप रहने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने बताया गलत आदतें हमारी सफलता के बीच बहुत बड़ी रुकावट है द्य इसीलिए गलती से भी गलत आदत के शिकार नहीं होना और सदा ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का पूरा प्रयत्न करना और अच्छा लक्ष्य रखने से निश्चित ही सफलता मिलती ही है ।

समाज सेवी आशा गुप्ता ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया कि बच्चे आप जहां भी जाओ अपने बुलंदियों को अवश्य प्राप्त करो। पार्षद ने सभी बच्चों के आने वाले भविष्य को उज्जवल होने के लिए कहा मेरी आवश्यकता जहां भी हो आप निःसंकोच मुझे कहें मैं आपके लिए सफलता के हर कदम पर साथ हूं।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत आईटीआई की सीटो में प्रवेश सुनिश्चित करे: कलेक्टर




**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश सत्र 2024 प्रवेश दिलाये जाने के संबंध में बैठक के प्रारंभ प्राचार्य आईटीआई के द्वारा बताया कि जिला सिंगरौली संचालित शासकीय आईटीआई सिंगरौली बरगवा, देवसर, सरई , चितरंगी सहित प्रवेश सत्र 2024के प्रवेश के लिए कुल 600 सीटे निर्धारित की गई है। तथा महिलाओ के लिए 30 प्रतिशत का आरंक्षण निर्धारित किया गया है। जानकारी पश्चात कलेक्टर ने उपस्थित विभाग प्रमुखो को निर्देश दिये कि जिले के सभी शासकीय आईटीआई में शत प्रतिशत प्रवेश हो जिसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये। जिसमें पंचायत सचिवो, ग्राम रोजगार सहायको, आगानवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से भी क्षेत्र में व्यपाक प्रचार प्रसार किया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शासन द्वारा निर्धारित किये गये महिलाओ का आरंक्षण 30 प्रतिशत अनिवार्य रूप से दिया जाना सुनिश्चित करे वही आईटीआई के प्राचार्य के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आईटीआई में प्रवेश ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से विभाग के पोर्टल पंजीयन किया जा सकेगा।आवेदकों को व्यवसाय एवं संस्था का आवंटन ऑन लॉइन द्वारा किया जायेगा प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 102 पाठ्क्रम के अन्तर्गत कक्षा 10वीं विज्ञान व गणित विषय के साथ उर्तीण होना चाहिए,आवेदकों की न्यूनतम आयु 01 अगस्त 2024 को 14 वर्ष व डी0एस0टी0 पाठ्?क्रम हेतु होना चाहिए/आवेदकों की न्यूनतम आयु 01 अगस्त 2024 को 14 वर्ष व डी0एस0टी0 पाठ्क्रम हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है शेष जानकारी के लिए निकटतम आई0टी0आई0 से सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग संजय खेडकर, जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह, रोजगार अधिकारी सीमा बर्मा सहित आईटीआई के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और कौशल विकास के प्रसार के लिए सिंगरौली में आयोजित अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज के सौजन्य से सीएसआर टीम का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। मंगलवार से शुक्रवार तक आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र , गुजरात और मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे सीएसआर के 41 प्रतिभागियों को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा गांवों में उद्यमिता और कौशल विकास के प्रसार के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह के मौके पर तीन सदस्यीय जूरी टीम जिनमें सिंगरौली जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ अनुराग मोदी, अदाणी ग्रुप में सिंगरौली के चीफ ऑफ़ क्लस्टर बच्चा प्रसाद और महान महान




एनर्जेन लिमिटेड के एचआर हेड देवाशीष दास के द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान छत्तीसगढ़ स्थित परसा एवं तमनार, ओडिशा के बिजहान एवं बालाडीह, झारखण्ड के गोंदलपुरा एवं जीतपुर, सिंगरौली स्थित धिरौली एवं गोंदबेहरा उज्जैनी, महाराष्ट्र स्थित गोंडखरी एवं अम्बुजा सीमेंट की कुल 10 सीएसआर टीमों के द्वारा अपने-अपने प्रोजेक्ट में चलाए जा रहे कार्यों का आदान-प्रदान किया गया। तीन सदस्यीय जूरी टीम के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जाने के लिए धिरौली परियोजना की सीएसआर टीम को विजेता टीम का ट्रॉफी दिया गया जबकि ओडिशा के बिजहान टीम को रनर अप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में ईडीआईआई, अहमदाबाद के प्रोफेसर डॉ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में उनके टीम के द्वारा अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम को प्रशिक्षित किया गया कि कैसे ग्रामीण इलाकों में स्थानीय संसाधनों की पहचान कर हम उद्यमिता को छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से बढ़ावा दे सकते हैं और जरूरतमंद स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर और ज्यादा खुशहाल बना सकते हैं। इस दौरान अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम ने सिंगरौली स्थित अन्य औद्योगिक संस्थानों के सीएसआर टीम से मिलकर उनके द्वारा गांवों किये जा रहे कार्यों को देखा और काफी प्रभावित हुए। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज का यह पहल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगा और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देगा, रोजगार के अपार अवसर पैदा करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि सिंगरौली जिले के विभिन्न गांवों में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज की सीएसआर टीम द्वारा पहले से ही उद्यमशीलता कौशल विकसित करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्थानीय युवाओं और महिलाओं में वित्तीय जिम्मेदारी और दीर्घकालिक योजना की मानसिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता के माध्यम से उनमें आर्थिक समझ का निर्माण किया जा रहा है। इस इलाके में सीएसआर टीम की मदद से सैकड़ों जरूरतमंद स्थानीय महिलाएं विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचा रही हैं।

# अभ्यर्थी, निर्वाचन एजेंट तथा गणना एजेंट को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

## मतगणना हाल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के अभ्यर्थियों, निर्वाचन एजेंटों तथा गणना एजेंट को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिले में 19 अप्रैल को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, यह सभी के सहयोग से ही संभव हुआ है। मतगणना का कार्य भी सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेश द्विवेदी, प्रिया पाठक, आर पी त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी, अभ्यर्थी, निर्वाचन एजेंट तथा गणना एजेंट उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना का कार्य 4 जून को प्रातः 8 बजे



से शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाएगा। गणना एजेंटों को सुबह 7 बजे तक अपने निर्धारित स्थान में उपस्थित होना होगा। मतगणना दिनांक से तीन दिन पूर्व शाम 5 बजे प्रारूप 18 में गणना एजेण्ट की नियुक्ति दो प्रतियों एवं दो फोटो के साथ अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर से प्रस्तुत करना होगा। इस पहचान पत्र को गणना एजेण्ट को धारण करना होगा। इस पहचान पत्र के साथ संबंधित एजेण्ट को अपना एक अन्य पहचान पत्र भी साथ लाना होगा। मतगणना हाल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। प्रवेश के पश्चात एजेण्ट को आवंटित टेबल क्रमांक के सामने जाकर बैठना होगा। कलेक्टर ने बताया कि केन्द्र तथा राज्य सरकार के आसीन मंत्री, संसद सदस्य, विधानसभा के सदस्य, नगर निगम के महापौर, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष, पंचायत संघ के अध्यक्ष, केन्द्र तथा राज्य उपक्रमों के अध्यक्ष और सदस्य, किसी भी प्रकार से सरकार से अनुदान प्राप्त संस्था के व्यक्ति, शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था में कार्य करने वाले पैरामेडिकल, डीलर्स, आंगनवाड़ी कर्मचारी तथा शासकीय सेवारत व्यक्ति गणना एजेण्ट नहीं बन सकते। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम ईटीपीबी तथा डाकमत पत्रों की गणना होगी उसके आधा घंटा पश्चात कन्ट्रोल यूनिट में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए मतगणना पृथक-पृथक कक्षों में की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि सीयू की मतगणना पूर्ण होने के बाद व्हीव्हीपीएटी पेपर पर्ची की गणना आयोग के निर्देशानुसार रेण्डम चयनित 5 मतदान केन्द्र की व्हीव्हीपीएटी बुलाकर वीसीबी बूथ में की जाएगी। बैठक में मास्टर ट्रेनर्स डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ आरबीएस चौहान तथा डॉ दिलीप सोनी द्वारा आयोग द्वारा मतगणना के संबंध में जारी निर्देशों के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

# स्ट्रांग रूम परिसर की सतत निगरानी के लिए संशोधित आदेश जारी

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संशोधित आदेश जारी कर बताया है कि राजपत्रित अधिकारी के नाम में आंशिक संशोधन करते हुए स्ट्रांग रूम परिसर की सतत निगरानी के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार दिनांक 20.05.2024 से 24.05.2024 तक समय दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी तहसीलदार सिहावल के स्थान पर तीरथ प्रसाद अक्षरिया प्रभारी नायब तहसीलदार गोपद बनास की ड्यूटी लगाई है। इसी प्रकार दिनांक 30.05.2024 से 03.06.2024 तक समय दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तीरथ प्रसाद अक्षरिया प्रभारी नायब तहसीलदार गोपद बनास के स्थान पर चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी तहसीलदार सिहावल की ड्यूटी लगाई है। शेष अवधि के अधिकारियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पूर्व में जारी अधिकारियों का आदेश यथावत रहेगा।

# कम संसाधनों से अच्छा कर दिखाया ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालय नकझर कला ने

**सीधी।** सीधी जिले के सुदूर पूर्व सिहावल ब्लाक में सोन नदी के पास स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकझरकला पूर्णतः ग्रामीण परिवेश का विद्यालय है। इस स्कूल में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। विद्यालय माध्यमिक शाला भवन में संचालित होती है। स्थानाभाव एवं कई कठिनाईयों के बाद भी सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा। कक्षा 10वीं में 113 शामिल विद्यार्थियों में से 99 पास हुये जिसमें 62 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 37 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 94 शामिल छात्रों मे से 80 छात्र उत्तीर्ण हुये प्रथम श्रेणी में 68 और द्वितीय श्रेणी में 12 विद्यार्थी पास हुये और परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा।

अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये इस विद्यालय में तिमाही एवं छमाही परीक्षा उपरांत कमजोर बच्चों की पहचान कर अच्छे विद्यार्थियों के साथ ग्रुप बना कर अध्यापन कार्य कराया गया। लिखावट सुधार हेतु अभियान चलाया गया और नियमित रूप से



गृहकार्य की कापी का मूल्यांकन कराया गया तथा गलती को गोलाकर या रेखांकित कर सुधार के प्रयास किये गये।

विद्यार्थियों में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा जागृत की गई जैसे सुपर 100, मेधावी विद्यार्थी योजना, लैपटाप योजना, स्कूटी योजना के बारे में समय-समय पर विद्यार्थियों को अवगत कराया जाता रहा। विद्यार्थी एक दूसरे से आगे निकलने की चाहत में अध्ययन से जुड़े रहे। इतना ही नहीं विद्यार्थियों का मासिक टेस्ट लेकर रैंक दिया गया जिससे विद्यार्थियों में पढ़ने की रूचि बढ़ी।

नियमित प्रायोगिक कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालसभा आदि के कारण उपस्थित में वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों में बाट दिया गया जिससे शिक्षक बच्चों से और उनके अभिभावकों से दूरभाष के माध्यम से निरंतर सम्पर्क में रहे जिससे उपस्थिति बढ़ी और उपस्थिति बढ़ने के कारण परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा। प्राचार्य का कहना है कि यह सफलता वरिष्ठ अधिकारियों के नियमित मोटीवेशन, शिक्षकों के अथक प्रयास, अभिभावकों के सहयोग के कारण प्राप्त हुई है। अगले वर्ष शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य है।

# पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद ही किसानों को खाद-बीज व उपकरणों पर मिलेगी सब्सिडी

**सीधी।** सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष 2024-25 में विभागीय समस्त कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब शासन द्वारा एमपी किसान पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसानों को खाद-बीज, सिंचाई, कृषि उपकरणों में सब्सिडी जैसी अनेक लाभकारी योजनाओं में फायदा रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद ही मिल सकेगा। इस नए आदेश के बाद जिले के ज्यादा किसानों को इससे फायदा मिलेगा। एम.पी. किसान पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को कृषि विभाग की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इस संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक कृषि ने बताया कि पंजीयन के लिए वेब ब्राउजर पर ापेंदण्उचण्हवअण्पद वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन के बाद ही कृषि विभाग की तमाम योजनाओं का लाभ मिल साकेगा।

रजिस्ट्रेशन के लिये किसान पोर्टल पर जाने के लिए दिए गए यू.आर.एल. ापेंदण्उचण्हवअण्पद वेबसाइट वेब ब्राउजर पर अंकित करें। फिर कृषि योजना में पंजीयन के लिए क्लिक करें। कृषि योजना पर पंजीयन करें लिंक पर क्लिक करने के बाद नया टैब में पेज ओपन हो जाएगा। इसके बाद इसमें पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेजो की जानकारी मिलेगी। कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से संबंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी., जाति प्रमाण-पत्र आदि दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि विचार गोष्ठी का आयोजन

# स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता : आनंद सिंह

**सीधी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री सूचना क्रांति के जनक भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जवाहर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया सभी कांग्रेस जनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह कांग्रेस की आवश्यक बैठक के चलते भोपाल में होने के कारण विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष आनंद सिंह ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि कंप्यूटर क्रांति और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत ने अपने विकास की शुरुआत स्वर्गीय राजीव जी के कार्यकाल में की उनकी सोच दूरगामी थी सर्वप्रथम राजीव गांधी ने देश की युवाओं की शक्ति को पहचान और उन्हें 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार दिया युवाओं के लिए उन्होंने बहुत सारी योजनाएं लागू की आज भारत का युवा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहा है यह राजीव गांधी के दूरगामी सोच का ही। मंच संचालन दिनेश पाठक ने किया और उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने बताया कि विचार गोष्ठी में महामंत्री नवीन सिंह,शीलारानी साकेत ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द तिवारी संकट ने अपने विचार प्रकट किए और आभार सचिव गोविंद गुप्ता ने जताया दिया। श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से दिलीप सितानी रजनीश श्रीवास्तव जय सिंह अशोक बसंतानी रमेश साकेत रनशेर अली खान अश्वनी सिंह परिहार अखंड प्रताप सिंह मो. बिलाल रामरतन कोरी नागेश्वर साकेत अशोक पनिका विजय शंकर पटेल परदेशी कोल ओम प्रकाश सिंह जान आलम सुशीला साकेत सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हत्या के चिन्हित मामले में न्यायालय ने सुनाई आजीवन कठोर कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक-13.10.2022 को 14:20 बजे अभियोगी रामजियावन साहू द्वारा पुलिस चौकी सिहावल में दी गई कि उक्त दिनांक को दोपहर लगभग डेढ़ बजे वह खेत से घर आते समय जैसे ही घर के पास पहुंचा उसी समय रामचन्द्र का भतीजा उसे बताया कि उसके पिता (मोहनलाल साहू तनय सुजनलाल साहू उम्र 70 वर्ष) को गांव का मुकेश कोल ने मार-पीट किया है जो शीतला मंदिर के पास पड़ा है। उक्त सूचना के बाद वह मंदिर के पास जाकर देखा जहां लोग खड़े थे, पूछ-ताछ करने पर पता चला कि मोहनलाल (मृतक) अपने घर तरफ से आ रहा था तथा जैसे ही मंदिर के पास पहुंचा उसी समय मुकेश कोल (आरोपी) मां-बहन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए मोहनलाल को जोर से मुक्का मारा तो वह जमीन में गिर गया उसके बाद मुकेश ने पत्थर उठाकर पत्थर से मार-पीट करने लगा। तब रामचन्द्र एवं धनन्जय ने बीच-बचाव किया जिससे मुकेश कोल जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। मृतक को उपचार हेतु सिहावल अस्पनताल में भर्ती कराया गया। मृतक की हालत गंभीर होने से सीधी अस्पगताल हेतु रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान मृतक की मृत्युय हो गई। घटना की सूचना पर थाना अमिलिया में अपराध क्रमांक 486/22 अंतर्गत धारा 294, 323, 336, 506,302 भा.द.वि. शासन विरूद्ध मुकेश कुमार कोल पंजीबद्ध की गई। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा प्रकरण को जघन्य सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित किया गया। पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत अभियुक्ता के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्योयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुात किया गया, जहां न्यातयालयीन विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक श्री बृजेश किशोर पाण्डेसय के द्वारा शासन की ओर से पैरवी करते हुए कुल 15 अभियोजन साक्ष्या कराये गये, परिणामस्वशरूप न्योयालयीन सत्र प्र. क्र. 22/23 में माननीय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश सीधी द्वारा मुकेश कुमार कोल तनय लालू प्रसाद कोल, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम हिनौती, थाना-अमिलिया, जिला-सीधी म0प्र0 को धारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन सश्रम कारावास एवं 2000 रू. अर्थदण्डध की सजा से दंडित किया गया।

# किसान भाई गर्मी में गहरी जुताई कराये, उत्पादन बढ़ायें : उप संचालक कृषि

**सीधी।** जिले के किसान भाई खाली खेतों की ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से 9 से 12 इंच तक गहरी जुताई अवश्य करायें। उप संचालक कृषि द्वारा गहरी जुताई के संबंध में जानकारी देते हुये बताया गया कि खेतों की गहरी जुताई कराने से खरपतवार के बीज, कीड़ों के अण्डे एवं लार्वा आदि नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा मृदा के भौतिक गुणों जैसे-मृदा में बातायन, पानी सोखने एवं जल धारण क्षमता, मृदा भुरभुरापन व भूमि संरचना में सुधार होता है तथा खरपतवार नियंत्रण एवं कीड़े मकोड़े तथा बीमारियों से नियंत्रण में सहायता प्राप्त होती है। साथ ही गहरी जुताई से उर्वरक प्रबंधन एवं जीवान्श पदार्थ के विघटन में काफी लाभ होता है, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है।

# 16 वाहन स्वामियों के विरूद्व 1566272 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित

## खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर की गई कार्यवाही

**शहडोल।** कलेक्ट र श्री तरूण भटनागर के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी श्री देवेंद्र पटले द्वारा जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोक थाम हेतु कार्यवाही की गई है, तथा निर्मित प्रकरणों में 16 वाहन स्वामियों के विरूद्व 1566272 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेत के ट्रैक्टवर ट्राली पर प्रहलाद सिंह गोंड को 31,625 रूपये, रजनीश यादव को 60,375 रूपये, आनंद सिंह को 31,625 रूपये, अजय द्विवेदी को 31,625 रूपये,सतेन्द्र सिंह बरगाही को 31,625 रूपये, श्रीमती मायाबाई सिंह को 31,625 रूपये, अरमान खान को 31,625 रूपये की राशि अधिरोपित की गई है। रेत के जेसीबी पर प्रांजल सिंह को 1,81,000 रूपये, ट्रक रेत पर बाबूलाल साहू को 2,29,125 रूपये, ट्रक गिट्टी पर श्रीमती सुमित्रा चौकसे को 4,40,600 रूपये, मेटाडोर गिट्टी पर केशव नायक को 60,375 रूपये, हाईवा पत्थर पर राकेश सिंह को 35,329 रूपये, हाईवा गिट्टी पर अजीत कुरमेश्वर को 2,28,000/- रूपये, मेटाडोर कोयला पर अवनीश तिवारी को 58,050 रूपये हाईवा गिट्टी पर रेखा पाण्डेय को 55,418 रूपये, ट्रैक्टर मयट्राली मुरूम पर छेंकलाल यादव को 28,250 रूपये की अर्थदण्डा अधिरोपित किया गया है।

# पर्ची बनवाने के लिए जिला अस्पताल में स्केन एण्ड शेयर की सुविधा उपलब्ध

**शहडोल।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक शहडोल डॉ जी एस परिहार ने जानकारी दी है की आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत नेशनल स्तर पर स्केन और शेयर की सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उसकी सारी जानकारी रजिस्ट्रेशन काउन्टर में पर्ची बनाने वाले के कम्प्यूटर पर ई हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर के माध्यम से चली जाती है। कम्प्यूटर ऑपरेटर को जिस विभाग के विशेषज्ञ को दिखाना है तथा बी.पी.एल./ए.पी.एल. की जानकारी देने पर वह पर्ची निकालकर मरीज को दे देता है। उक्त सुविधा जिला चिकित्सालय, शहडोल में भी शुरू है। क्यू आर कोड की सुविधा के लिये मरीजों को सर्वप्रथम अपनी आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) रजिस्ट्रेशन कक्ष मे जाकर बनवाना है, आभा आई.डी. बनवाने के लिये कम्प्यूटर ऑपरेटर को अपना रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड नम्बर देना होता है, जिसमे रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी.आता है, ओ.टी.पी. ऑपरेटर को आभा आई.डी. बनवाने के लिये बताना होगा, जिससे ऑपरेटर (आभा आई.डी.) बना देते हैं। आई.डी. बनने के बाद स्केन और शेयर की सुविधा को क्यू आर कोड स्कैन करके अपनी पर्ची बनवा सकते हैं, किंतु आभा आईडी के बिना क्यू आर कोड स्कैन नही किया जा सकता है। उन्होंने बताया की इसका दूसरा विकल्प है एंड्राइड मोबाइल मे प्ले स्टोर से आभा एप डाउनलोड करना अनिवार्य है, उक्त एप्प मे अपनी सारी जानकारी डालकर एप्प के माध्यम से क्यू आर कोड स्कैन कर सकते हैं। जिला चिकित्सालय, शहडोल मे स्केन और शेयर जनरेट करके पर्ची बनवाने की सुविधा चालू है। एन.सी.डी. कक्ष या रजिस्ट्रेशन कक्ष मे अपना रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर एवं आधार नम्बर देकर आभा आई.डी. बनवाकर क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी पर्ची बनवा सकते हैं। आभा आई.डी. बनने से आपके सारे स्वास्थ्य के रिकार्ड डिजिटल सेव होंगे, जिसे देश में किसी भी चिकित्सालय मे देखा जा सकता है।

# दगना प्रथा को रोकने के लिए निरंतर कार्य करें : कमिश्नर

## स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का करें भ्रमणः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने दगना प्रथा को अमानवीयकृत्य निरूपित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग से दगना प्रथा के कलंक को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग में दगना प्रथा पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए दगना प्रथा के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए, ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें दगना प्रथा के संबंध में किए गए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित संदर्भ सेवाओं का बेहतर और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं जिला स्तरीय अधिकारी सतत रूप से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा स्वास्थ्य सेवाओं और संदर्भ सेवाओं को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि दगना प्रथा को रोकने एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन में जो अधिकारी कर्मचारी अनुशासनहीनता, लापरवाही और उदाशीनता बरत रहे हैं ऐसे सभी अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि वह देखें कि निर्देशो के बावजूद मैदानी अधिकारी कर्मचारी आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं अथवा नहीं, कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग के सभी आंगनवाड़ी की स्थिति हर हाल में सुधरनी चाहिए आंगनवाड़ी केन्द्र के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को सभी संदर्भ सेवाएं मिलनी चाहिए।

कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, लोगों को दगना प्रथा के प्रति जागरूक करने में आयुष विभाग के चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों की अहम भूमिका हो सकती है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आयुष विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी भी स्वास्थ्य शिविरों मे जाकर लोगों को बेहतर सेवाएं दे और उन्हें दगना प्रथा के प्रति जागरूक करें। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा सतत रूप से मानीटरिंग की जाए। नालियों, सार्वजनिक स्थलों की सतत रूप से सफाई कर उन्हें स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी सार्वजनिक शौचालयों की समुचित साफ-सफाई कराएं तथा शौचालयो में समुचित पानी उपलब्ध रहे यह भी सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने पशुधन टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि पशुधन टीकाकरण कार्यक्रम की सतत रूप से मानीटरिंग की जाए तथा दूर-दराज के गावों में भी पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास, श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, अपर संचालक शिक्षा श्री सहदेव मरावी, संयुक्त संचालक कृषि श्री जेएस पेन्द्राम, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### बेहतर नीति की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए एक फैसले में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जिस बारीकी से रेखांकित किया, वह खास तौर पर ध्यान देने लायक है। हालांकि जिन अधिकारों की बात की गई, वे अनुच्छेद 300 के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से जुड़े हैं, लेकिन कोर्ट की व्याख्या के बाद अब व्यवहार में वे प्रक्रियाएं कानून का हिस्सा हो गई हैं। भले ही संपत्ति का अधिकार अब मूल अधिकारों में शामिल न हो, लेकिन यह आज भी एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भी इस तथ्य को पर्याप्त अहमियत मिलनी चाहिए। कोर्ट के फैसले में जिन सात सब-राइट्स (उप-अधिकारों) की बात की गई है ङ्क नोटिस पाने, सुने जाने, तर्कसंगत निर्णय जानने, अधिग्रहण के पीछे के सार्वजनिक हित से अवगत होने, उचित मुआवजा पाने, तय समय सीमा में अधिग्रहण प्रक्रिया कुशलता से निपटाए जाने और अंतिम निष्कर्ष मिलने- वे सभी तय कानूनी प्रक्रिया के मूल तत्व पहले से रहे हैं। लेकिन इस फैसले ने यह सुनिश्चित किया कि अगर अधिग्रहण के दौरान इनमें से किसी का भी उल्लंघन होता है तो अधिग्रहण अवैध हो जाएगा। देश में भूमि अधिग्रहण एक संवेदनशील मसला रहा है। लैंड एक्विजिशन, रीहैबिलिटेशन एंड रीसेट्लमेंट (रुक्क्र) एक्ट 2013 लाए जाने के समय भी इस मसले पर काफी बहस हुई थी। बाद में इसमें संशोधन के प्रयास भी हुए जो मंजिल तक नहीं पहुंचे। अब भी देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूपों में भूमि अधिग्रहण से जुड़े मसले उठते रहते हैं। शायद इसकी संवेदनशीलता की ही वजह से राजनीतिक दल इस पर खुलकर कुछ कहने से बचते हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणापत्र देखें तो वहां भी कोई स्पष्ट बात इस सिलसिले में नजर नहीं आती। ड्ढछ्वक्क के घोषणापत्र में रुक्क्र एक्ट का जिक्र तक नहीं है, बस रीयल इस्टेट रेग्युलेशन एक्ट (क्रश्वक्र) के जरिए रीयल इस्टेट सेक्टर को आगे बढ़ाने की बात इसमें कही गई है। कांग्रेस भी रुक्क्र एक्ट में ग्राम पंचायतों के वीटो अधिकार कायम रखने की बात से आगे नहीं बढ़ती। ध्यान रहे, भूमि अधिग्रहण का एकमात्र पहलू किसानों या भूस्वामियों का हित नहीं है। इन हितों की रक्षा हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन यह भी समझना होगा कि अगर इकॉनमी को आगे बढ़ाना है, देश में उद्योग-धंधे लगाने हैं, नए-नए प्रॉजेक्ट लाने हैं और बड़े पैमाने पर रोजगार का इंतजाम करना है तो भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आसान बनाना जरूरी है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण की व्यापक, सुसंगत और संपूर्ण नीति वक्त की जरूरत है।

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

**हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।**

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है।

बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है।

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में



हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है।

आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले की धुंआ के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। सवाल कई बार तो ऐसे लगता है जैसे कि मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आर ओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा हैं उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन है वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलेक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाडने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।

देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रेल मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे। इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सब कुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

# चारधाम की आसान राह पर जब उमड़ने लगे लाखों

(गिरीश चंद्र गुरुरानी)

केदारनाथ के दर्शन करने में 48 साल के सचिन डबराल को इतनी मशक्कत कभी नहीं करनी पड़ी। लगातार कई बार केदारनाथ के दर्शन कर चुके सचिन का कहना है कि इतनी भीड़ उन्होंने पहली बार देखी। आंकड़े सचिन को सच साबित करते हैं। बीती 10 मई से चारधाम यात्रा प्रारंभ हुई है और एक सप्ताह में ही 4.01 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.58 लाख यात्रियों ने दर्शन किए थे। शुरुआती आंकड़ों को आधार मानें, तो इस वर्ष संख्या पिछले सारे रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 75 लाख पार कर सकती है। बीते वर्ष 54.82 लाख श्रद्धालु आए थे।

किसी जमाने में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम की यात्रा पैदल ही की जाती थी। तब न सड़कें थीं और न ही जगह-जगह बाजार। तीर्थयात्री अपने ओढ़ने-बिछाने के साधनों के अलावा जरूरी राशन भी पीठ पर लादकर चलते थे और किसी पड़ाव पर पहुंचकर खुद ही भोजन बनाते और जमीन पर सो जाते। अगली सुबह पौ फटने से पहले फिर यात्रा शुरू। महीनों पैदल सफर के बाद लोग घर लौटते। कुछ तो रास्ते में ही देह त्याग देते। कई माह तक घर न लौटने वालों को मृत मानकर अंतिम संस्कार कर दिया जाता था। सुविधाएं क्या बढ़ीं, अब लोग एक ही दिन में किसी धाम के दर्शन कर लौट जाना चाहते हैं।

दरअसल, देश-विदेश के करोड़ों लोग उत्तराखंड के चारधाम- गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ का दर्शन-लाभ लेने की कामना रखते हैं। इन दिनों में भारी भीड़ उमड़ती है। कारण, जाड़े में बर्फबारी के चलते लगभग छह माह तक चारों धामों के कपाट बंद रहते हैं। अप्रैल-मई से लेकर नवंबर तक चलने वाली यह यात्रा बीच में करीब तीन माह बरसात के कारण बाधित रहती है। मानसून के दौरान पहाड़ों पर भूस्खलन से सड़कों के बंद होने का खतरा भी बना रहता है। इस दौरान यात्रा करना भारी जोखिम भरा हो जाता है। 15 जून के बाद मानसून के सक्रिय होते ही दिक्कतें शुरू हो जाती हैं।









केदारनाथ में साल 2013 की 16-17 जून की तबाही याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। तब मानसून की शुरुआत में ही चौराबाड़ी झील के दरकने से पानी के तेज बहाव में हजारों टन मलबा शामिल हो गया था। केदारनाथ और उसके रास्ते में जमा हजारों लोगों को यह मलबा अपने साथ बहा ले गया था। इसलिए मई से 15 जून और सितंबर अंत से नवंबर की शुरुआत तक लगभग तीन माह का समय यात्रा के उपयुक्त रहता है। इन्हीं महीनों में मैदानी इलाकों के स्कूलों में गरमी की छुट्टियां पड़ती हैं। यह भी एक कारण है कि ज्यादातर श्रद्धालुओं की पसंद मई-जून का सीजन रहता है। इसी से चारधाम के लिए इस बार अनुमान से ज्यादा भीड़ उमड़ आई है, जिसके नियंत्रण के प्रबंध छोटे पड़ गए हैं।

भीड़ को काबू करने के लिए सरकार ने ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की है, पर इसे धरातल पर नहीं उतारा जा सका है। जैसे, केदारनाथ जाने के लिए हर दिन 18 हजार की तादाद तय की गई, पर पहले ही दिन लगभग 30 हजार लोग पहुंच गए। क्या ये अतिरिक्त श्रद्धालु स्थानीय लोग थे? सिर्फ पंजीकृत श्रद्धालु ही वहां पहुंचें, इसके लिए क्या कोई सिस्टम काम कर रहा था? इन प्रश्नों की जवाबदेही से सारे महकमे पीछे हट जाते हैं। सारी दिक्कत स्थानीय पुलिस-प्रशासन को झेलनी पड़ती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि नागरिक सुविधाएं बढ़ने से भविष्य में भीड़ और अधिक बढ़ेगी। इसलिए तत्काल बेहतरीन यात्रा प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए वैष्णो देवी, चिंतपूर्णी, तिरुपति बालाजी, जगन्नाथ पुरी आदि के प्रबंधन से सीखने की आवश्यकता है। मंदिर परिसर में भीड़ जमा करने के बजाय लंबी कतार लगाने की व्यवस्था ज्यादा कारगर होती है। हिमालय खासकर चारधाम क्षेत्र को न केवल पर्यावरण प्रदूषण, बल्कि ध्वनि प्रदूषण से भी बचाने की जरूरत है।

गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में भू-विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एमपीएस बिष्ट की राय में शैशव अवस्था के चलते हिमालय की प्राकृतिक प्रक्रियाएं जारी हैं। ऐसी जगह पर मानवीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाकर हम उससे छेड़छाड़ कर रहे हैं। गौर कीजिए, हमारे पूर्वजों ने वहां भव्य मंदिर बनाया, लेकिन रहने के लिए कुटिया तक नहीं बनाई। ये साधना की तपोस्थली हैं। लेकिन आज हम इनको प्रदूषण, हेलीकॉप्टरों व मनुष्यों के शोर का केंद्र बना रहे हैं। समय रहते सचेत होना होगा।

## वर्ग पहेली 5377



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य)बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी पके अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में , ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 5376 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | | ग | म |
| दे | | क | | व | र | ना | |
| व | क्ष | | स | जी | व | | श्या |
| | मा | मा | | व | | सो | म |
| | प्र | ह | स | न | | ह | ल |
| | दा | वा | | | रा | ब | |
| वा | न | र | | बै | ह | त | र |

# शहरों में प्रदूषण से युद्ध स्तर पर लड़ने की जरूरत

(इंदिरा राजारामन, वरिष्ठ अर्थशास्त्री)

हाल ही में जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 की किसे चिंता है? भारत में वायु प्रदूषण को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चुनावी मुद्दा होना चाहिए था, पर दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। दुनिया में हर जगह की तरह भारत में भी हवा की गुणवत्ता स्थानीय विषय होती है, इसलिए इसे राज्य या स्थानीय सरकारों के हाथों में सौंप दिया जाता है। जिम्मेदारी स्पष्ट है, फिर भी दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारतीय शहरों (10 राज्यों में शामिल) का होना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वायु गुणवत्ता की उपेक्षा की समस्या एक व्यापक राष्ट्रीय मुद्दा है।

अगर प्रदूषण का मुद्दा राष्ट्रीय चुनावों में या किसी भी स्तर के चुनावों में सामने नहीं आता है, तो क्या इसकी वजह यह है कि मतदाताओं को इसकी परवाह नहीं है? क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि शहरी वायु प्रदूषण को विकास और नौकरियों के साथ अनिवार्य माना जाता है? बिना सर्वेक्षण के यह कहना नामुमकिन है, लेकिन जिन वजहों से ग्रामीण प्रवासी शहरों में अस्थायी प्रवासी बनना पसंद करते हैं और अपने परिवारों के साथ शहर नहीं जाते हैं, तो इसकी वजह उनके गांवों की साफ हवा है। बड़ी संख्या में लोग हैं, जिनको अगर गांव में ही रोजगार मिल जाए, तो वे शहर जाना पंसद नहीं करेंगे। भारतीय संविधान में भी वायु गुणवत्ता का विशेष उल्लेख नहीं किया गया है। नई दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है, जिसने बांग्लादेश के ढाका को भी आसानी से पीछे छोड़ दिया है। एक केंद्रशासित प्रदेश के रूप में दिल्ली अपनी स्वयं की विधायिका और विधिवत निर्वाचित सरकार के बावजूद एक पूर्ण राज्य नहीं है। इसे केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए चलना पड़ता है और भ्रम की स्थिति बन जाती है कि यह किसके शासन की छत्रछाया में है? वैसे वायु प्रदूषण पर आमतौर पर केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य सरकार के बीच उद्देश्य का कोई टकराव नहीं होना चाहिए, लेकिन दिल्ली के आसपास के राज्य अक्तूबर से दिसंबर के महीनों के दौरान खरीफ की फसल के अवशेषों को जलाने पर काबू पाने में नाकाम या अनिच्छुक रहते हैं। अकादमिक शोध पत्रों और रिपोर्टों में पेश किए गए समाधानों की भरमार के बाद भी दिल्ली की समस्या पड़ोसी राज्यों के साथ किसी समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहती है। दिल्ली के अंदर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में एकमात्र पहल बिजली या बैटरी से चलने वाली बसों की शुरुआत रही है, जो अक्सर शहर की सड़कों पर खाली चलती हैं, क्योंकि उनके मार्गों को तर्कसंगत नहीं बनाया गया है। 15वें वित्त आयोग ने वायु प्रदूषण के प्रयासों के लिए केवल दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों को लक्ष्य बनाया है। इन शहरों को मिलियन-प्लस चैलेंज फंड, एमसीएफ मिलता है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 में एमसीएफ सूची के सभी शहरों के लिए कुल राशि 2,431 करोड़ रुपये थी। ध्यान रहे, यहां भी दिल्ली, चंडीगढ़ और श्रीनगर, केंद्रशासित प्रदेशों के शहरों के रूप में एमसीएफ के तहत नहीं आते हैं। पटना विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में 20वें स्थान पर है। पटना एमसीएफ सूची में है, पर किसी एमसीएफ शहर को अपना 100 प्रतिशत आवंटन पाने के लिए पार्टिकुलेट मैटर में 15 प्रतिशत की कमी और 200 से कम एक्यूआई वाले दिनों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि दिखानी चाहिए। यदि पटना 2023-24 में इन शर्तों पर उत्तीर्ण होता, तो उसे 113 करोड़ रुपये का तय बजट मिलता, जो उसके अच्छे कामों का इनाम होता। ध्यान रहे, दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बेगूसराय एमसीएफ सूची में नहीं है। उसके साथ ही 39 अन्य भारतीय शहर भी आबादी के हिसाब से बहुत छोटे हैं, हालांकि इनमें से कुछ एमसीएफ सूची का हिस्सा हो सकते थे।

## आज का राशिफल

### मेष

आज पुराने मित्रों के सहयोग से कार्यक्षेत्र में अनुकूलता रहेगी और आपको लाभ होगा। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद होंगे और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। आपके पुरूषार्थ और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा।

### वृषभ

आज आपको हानि हो सकती है। कारोबारियों के लिए भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़तापूर्वक रखने में कामयाब होंगे। रात का समय आनंद में बीतेगा। सैर सपाटे तथा मौज मस्ती में व्यतीत होगा। किसी भी यात्रा को सावधानी से करें।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपको विजय प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

आज आपको किसी महान व्यक्ति से लाभ होगा। आज अकस्मात् किसी महान अधिकारी से आपका विवाद हो सकता है। खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खानपान पर विशेष नियंत्रण भी रखें अन्यथा पेट खराब हो सकता है। कहीं पास और दूर की यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

### मिथुन

आज का दिन शुभ होगा और आज आप कारोबार के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। किसी का पुराना उधार चुका पाएंगे। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं। विपरीत लिंग के मित्र से कटुता हो सकती है। आज नई विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे।

### कर्क

आज शुभ ग्रहों से आपको लाभ होगा। भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि के योग हैं। परिजनों और सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपके जीवन में प्रसन्ता का माहौल रहेगा। दिन का कुछ हिस्सा आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा।

### धनु

आज आपके रास्ते में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजा पाठ सत्संग में रुचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएगी। आज आपको भाई बहनों का सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात आप कुछ जरूरी बातों पर चर्चा करेंगे।

### मकर

आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज आप अपनी बुद्धि से हर कार्य कर पाएंगे। लेनदेन में सावधानी बरतें। धन के मारे जाने की संभावना है। आज किसी पर भरोसा न करें और अपने काम पर फोकस करें। बिना वजह किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें। रिश्तेदारों से दूर रहें।

### सिंह

आज आपका दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। पहला दिन यात्रा में बीतेगा। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सायंकाल के समय रुका धन मिलने से आपको लाभ होगा।

### कन्या

आज का दिन लाभ देने वाला है। आपको निर्मूल विवादों से छुटकारा मिलेगा। आपके खर्च कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। आज परिवार में कुछ लोगों से आपको झगड़ा हो सकता है।

### कुंभ

आज लाभ होगा और आप अपने पुराने रुके कार्य पूर्ण होंगे। हर प्रकार के झंझट से आप दूर रहें। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। आज आपके विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आपको लाभ होगा और आपको कारोबार में फंसी पेमेंट प्राप्त होगी। शाम को किसी धार्मिक समारोह में जाने का अवसर मिले तो लाभ उठाएं।

### मीन

आज करियर में लाभ होगा। संतान पक्ष से हर्षदायक समाचार मिलेगा। आप उनके करियर को लेकर संतुष्ट रहेंगे। धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और काम धंधा आपका अच्छा चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता में इंडिया गठबंधन की शांत लहर, बीजेपी को नहीं मिलेगा बहुमत : मल्लिकार्जुन खरगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी और 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया में काफी बदलाव आया है और गठबंधन के पक्ष में 'शांत लहर' (अंडरकरंट) चल रही है जो लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगी। खरगे ने कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भारतीय जनता पार्ट और राष्टीय स्वयंसेवक संघ (क्रस्र) की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में 'नफरत और विभाजन' फैलाते हैं। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोग अब उनका असली रंग समझ गए हैं। खरगे ने कहा, 'देश भर में यात्रा करने के बाद हम यह महसूस कर रहे हैं कि हमारे पक्ष में एक 'शांत लहर' चल रही है। कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को इस बार अधिक सीट मिलेंगी। हम भाजपा को सत्ता में आने के लिए आवश्यक सीट हासिल करने से रोकने में सफल रहेंगे। मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी।' उन्होंने कहा, 'केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है। हम जिस विचारधारा को मानते हैं लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़ रहे हैं। यह साफ है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे।' बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच चरणों के मतदान खत्म हो चुके हैं। अब 25 मई और 1 जून को दो चरणों में मतदान होने हैं. इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

### संबित पात्रा की फिसली जुबान, भगवान जगन्नाथ को बताया मोदी का भक्त, माफी मांगी

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा में पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संबित पात्रा की 'भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त' बताने वाली टिप्पणी के बाद विवाद भड़क उठा है। हालांकि, पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम भक्त हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को भाजपा से भगवान जगन्नाथ को राजनीति में न घसीटने की अपील की। पटनायक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में ओडिया 'अस्मिता' को ठेस पहुंचाने के लिए पात्रा की आलोचना की। उन्होंने पोस्ट में कहा, 'महाप्रभु श्रीजगन्नाथ ब्रह्मांड के स्वामी हैं। महाप्रभु को दूसरे इंसान का भक्त कहना भगवान का अपमान है, यह पूरी तरह निंदनीय है। इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनियाभर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों तथा ओड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।' पटनायक ने कहा, 'भगवान ओड़िया अस्मिता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। मैं इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं और मैं भाजपा से अपील करता हूं कि वह भगवान को किसी भी राजनीतिक चर्चा में शामिल न करे। ऐसा करके आपने ओडिया अस्मिता को गहरी चोट पहुंचाई है और इसे ओडिशा के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।' पात्रा ने मुख्यमंत्री के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'हम सभी की जुबान कभी-कभी फिसल जाती है।' उन्होंने कहा, 'आज पुरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रोड शो की भारी सफलता के बाद मैंने कई मीडिया चैनलों को कई बयान दिए, हर जगह मैंने उल्लेख किया कि मोदी जी श्रीजगन्नाथ महाप्रभु के परम भक्त हैं।' पात्रा ने कहा, 'एक बयान के दौरान गलती से मैंने ठीक इसके विपरीत कह दिया, मुझे पता है कि आप भी इसे जानते और समझते हैं, इसे मुद्दा न बनाया जाए, हम सभी की जुबान कभी-कभी फिसल जाती है।' दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा उम्मीदवार के बयान की निंदा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैं भाजपा नेता के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। वे सोचने लगे हैं कि वे भगवान से ऊपर हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। भगवान को मोदी जी का भक्त कहना भगवान का अपमान है।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला :3 जून तक जेल में रहेंगे अनिल टुटेजा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाले मामले को लेकर आज रायपुर के विशेष अदालत में आरोपी अनिल टुटेजा को पेश किया गया था। 14 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने सुनवाई करने के बाद टुटेजा की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ा दी है। रिमांड बढ़ाने के अनुसार अब अनिल टुटेजा 3 जून तक जेल में ही रहेंगे। वहीं दूसरे तरफ महादेव सट्टा ऐप मामले को लेकर जेल में बंद आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है। 7 मई को महादेव सट्टा ऐप के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बहस हुई थी और सोमवार तक इस फैसले को सुरक्षित रखा गया था। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी की जांच और पूछताछ का सिलसिला जारी है। ईडी की पूछताछ के दौरान कई सबूत मिले हैं। इसके साथ ही अनिल टुटेजा से मामले में जो पूछताछ की गई है उसमें कई ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जिन्हें आने वाले दिनों में ईडी संबंध जारी कर पूछताछ के लिए अपने दफ्तर भी बुला सकती है।

# मेरठ पीटीएस में बनेगा प्रदेश का पहला पुलिस डॉग-स्क्वाड ट्रेनिंग सेंटर, होंगी कई व्यवस्थाएं



**मेरठ, एजेंसी।** यूपी पुलिस का पहला डॉग स्क्वाड ट्रेनिंग सेंटर मेरठ पीटीएस में बनेगा। इसके लिए प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से पत्राचार किया गया है और भूमि संबंधित जानकारी ली गई है। इसके अलावा ये भी पूछा गया है कि किस तरह से प्रशिक्षण और बाकी व्यवस्थाएं की जाती हैं। अब इस मामले में यूपी पुलिस के लॉजिस्टिक मुख्यालय से संपर्क किया जा रहा है, साथ ही मेरठ पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। जैसे ही इस प्रपोजल को अनुमति मिलेगी, यहां पीटीएस मेरठ में डॉग स्क्वाड ट्रेनिंग सेंटर के लिए काम शुरू कर दिया जाएगा।

यूपी पुलिस और एटीएस के लिए डॉग स्क्वायड को अब यूपी में ही प्रशिक्षण मिल सकेगा। डॉग स्क्वाड तैयार करने के लिए ट्रेनिंग सेंटर को यहां मेरठ के कोतवाल धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में तैयार करने की प्लानिंग हो रही है। ट्रेनिंग डायरेक्टरेट यानी प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के अधिकारियों को पत्र भेजकर इस संबंध में जानकारी ली गई है। यहां मेरठ में डॉग स्क्वायड और ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर बनाने की प्लानिंग हो रही है। ऐसे में इस काम को पूरा करने के लिए जानकारी जुटाई जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के किस हिस्से में इस ट्रेनिंग सेंटर के लिए जगह दी जा सकती है। इसके अलावा डॉग के ट्रेनिंग से लेकर उनके रहने और बाकी व्यवस्था के लिए क्या-क्या इंतजाम कराए जाते हैं, इसे लेकर लॉजिस्टिक मुख्यालय यूपी पुलिस से भी पत्राचार किया गया है। यहां मेरठ पुलिस के अधिकारियों को भी इस संबंध में जानकारी भेजी गई है। प्रशिक्षण निदेशालय और मुख्यालय की सहमति बनते ही प्रदेश सरकार इस प्रपोजल पर मुहर लगा देगी और प्रदेश का पहला डॉग स्क्वायड ट्रेनिंग सेंटर यहां मेरठ के कोतवाल धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में बनाया जाएगा।

**प्रशिक्षण के लिए बनेगा पूरा सेटअप :** प्रपोजल पास हुआ तो यहां मेरठ में इन डॉग की ट्रेनिंग का पूरा सेटअप बनाया जाएगा। इसके लिए अर्द्धसैनिक बलों के एक्सपर्ट की मदद भी ली जाएगी। इसके अलावा यहां पर ट्रेनिंग के लिए एक्सपर्ट को बाकी फोर्स से भी बुलाया जाएगा। जो पहले से प्रशिक्षित ट्रेनर यूपी पुलिस के पास हैं, उन्हें यहीं मेरठ के पीटीएस में भेजा जाएगा। इसके अलावा इन डॉग को रखने के लिए घर बनाने समेत बाकी व्यवस्था की जाएगी।

**वर्तमान में तीन जगह होती है डॉग की ट्रेनिंग :** वर्तमान में यूपी पुलिस के लिए मिलने वाले डॉग की ट्रेनिंग आईटीबीपी के पंचकुला हरियाणा स्थित ट्रेनिंग सेंटर, बीएसएफ के मध्यप्रदेश राज्य के ग्वालियर स्थित टेकनपुर ट्रेनिंग सेंटर और दक्षिण भारत के एक ट्रेनिंग सेंटर में होती है। लॉजिस्टिक मुख्यालय यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस के कुछ लोगों को ट्रेनिंग के लिए इन सेंटर में भेजा जाता है। यहां पर डॉग के छोटे बच्चों को इन पुलिसकर्मियों को दिया जाता है और दोनों को साथ ही ट्रेनिंग में शामिल किया जाता है। इसके बाद डॉग की देखभाल इन पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी होती है।

**यूपी में तीन तरह के एक्सपर्ट डॉग :** यूपी पुलिस में वर्तमान में तीन तरह के डॉग हैं। इनमें ट्रैकर डॉग, स्निफर डॉग और नारकोटिक्स डॉग को शामिल किया गया है। ट्रैकर डॉग किसी की शरीर की गंध सूंघने के बाद उन्हें खोज निकालते हैं। स्निफर डॉग बारूद, बम और बारूदी सुरंग को खोजने में काम आते हैं। नारकोटिक्स डॉग का इस्तेमाल नशीले पदार्थ की तलाश के लिए किया जाता है।

**ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर भी बनाया जाएगा :** इसके अलावा मेरठ में ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर के लिए भी कवायद शुरू की गई है। इसके लिए भी पत्राचार हुआ है। प्रपोजल के पास होते ही मेरठ पीटीएस में ही ड्रोन को उड़ाने, अलग अलग ड्रोन की खासियत, इनकी पहचान और क्षमता की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा दुश्मन ड्रोन को मार गिराने समेत इन्हें ठीक करने के लिए भी ट्रेनिंग यहीं मिलेगी। इसके लिए मेरठ और मुरादाबाद पुलिस प्रशिक्षण सेंटर के नाम को विचार किया जा रहा है। मेरठ पुलिस के पास वर्तमान में दोनों ट्रैकर डॉग हैं, जिनके नाम पोलर और नैनसी हैं। इनकी देखभाल का जिम्मा रविंद्र नागर के पास है। रविंद्र नागर ने भी बीएसएफ के टेकनपुर ग्वालियर वाले ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण लिया था।

## जमानत देने के बाद आदेश रद्द भी कर सकती है अदालत : सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि आरोपी के खिलाफ लगे आरोपों की प्रकृति गंभीर है, तो अदालत जमानत का अपना आदेश भी रद्द कर सकती है। भले ही आरोपी ने जमानत का दुरुपयोग न किया हो। शीर्ष अदालत ने हत्या के मामले में 4 आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि 'कानून का यह स्थापित मानदंड है कि आरोपी को एक बार जमानत मिल जाने के बाद उसे यांत्रिक (सामान्य) तरीके से रद्द नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, पीठ ने कहा कि जमानत का एक अनुचित आदेश हमेशा ऊपरी अदालत द्वारा हस्तक्षेप के लिए खुला रहता है। शीर्ष अदालत ने फैसले कहा कि हाईकोर्ट द्वारा भी जमानत रद्द की जा सकती है यदि यह पता चलता है कि निचली अदालतों ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध प्रासंगिक सामग्री को नजरअंदाज किया है या अपराध की गंभीरता या ऐसे आदेश के परिणामस्वरूप समाज पर पड़ने वाले प्रभाव पर ध्यान नहीं दिया। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए, इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दोहरे हत्याकांड में आरोपियों को दी गई जमानत रद्द कर दी। साथ ही, आरोपियों को दो सप्ताह में जेल में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। जमानत देते समय इन कारकों का ध्याना रखना चाहिए सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पारित फैसले में कहा कि 'आरोपियों को जमानत देने का सवाल तय करते समय, अदालतों को आरोपी के खिलाफ लगे आरोपों की प्रकृति जैसे प्रासंगिक कारकों पर विचार करना चाहिए। पीठ ने कहा कि आरोपी के खिलाफ जिस तरीके से अपराध करने का आरोप लगाया गया है, अपराध की गंभीरता, आरोपी की भूमिका, आरोपी का आपराधिक इतिहास, गवाहों व साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और अपराध दोहराने की संभावना, जमानत पर रिहा किए जाने की स्थिति में आरोपी के गैर मौजूदगी की संभावना, अदालती कार्यवाही में बाधा डालने और न्याय की अदालतों से बचने की संभावना जैसे पहलुओं पर विचार करना चाहिए। हाईकोर्ट ने तथ्यों को दरकिनार किया सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जहां तक मौजूदा मामले का सवाल है तो हाईकोर्ट ने आरोपियों को जमानत देते समय उन तथ्यों को दरकिनार कर दिया था, अभियोजन पक्ष द्वारा रिकॉर्ड पर रखे गए थे कि कैसे आरोपी मामले में शामिल हैं। पीठ ने कहा कि इसके अलावा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हाईकोर्ट ने आरोपियों द्वारा किए गए ऐसे गंभीर अपराध के लिए उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि नजरअंदाज कर दी है।

## भाजपा के 11 नेताओं को कुमारी सैलजा ने भेजा मानहानि का नोटिस

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्व प्रदेश प्रभारी और हरियाणा से लोकसभा प्रत्याशी कुमारी शैलजा ने 11 बीजेपी के नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है। छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा गया है उन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुमारी सैलजा ने कोयला और शराब घोटाले को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया है।? बताया जा रहा है कि जिन नेताओं को मानहानि का नोटिस जारी हुआ है वह पहले कांग्रेस में थे बाद में भाजपा में शामिल हो गए हैं। शैलजा ने कहा कि सभी नेता दो दिनों के अंदर माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ वह कानूनी कार्यवाही करने पर बाध्य हो जाएगी। वहीं इस कानूनी कार्रवाई और नोटिस को लेकर बीजेपी के नेताओं ने कहा कि वह इस नोटिस से डरने वाले नहीं है। छत्तीसगढ़ की पूर्व प्रभारी और हरियाणा से प्रत्याशी शैलजा ने अपने वकील के माध्यम से पूर्व कांग्रेस के संगठन मंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रही अनीता रावटे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू, उषा पटेल, पूर्व प्रदेश ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर, आलोक पांडे, अजय बंसल और अरुण सिंह को नोटिस भेजा है। शैलजा ने अपने नोटिस में यह कहा है कि यह तमाम नेता दो दिनों के अंदर सार्वजनिक रूप से उनसे माफी मांगे। उन्होंने कहा कि ऐसा अगर वह नहीं करते हैं तो इन सभी नेताओं पर वह लीगल एक्शन लेंगी।

# इंडिया गठबंध को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी: केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर मंगलवार को जोरदार पलटवार किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि अमित शाह ने आम आदमी पार्टी के समर्थकों को पाकिस्तानी बताया। केजरीवाल ने एक बार फिर दावा किया कि योगी आदित्यनाथ को पीएम मोदी और अमित शाह मुख्यमंत्री पद से हटाने वाले हैं। आप के मुखिया और इंडिया गठबंधन के अहम साझेदार ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों को 300 से अधिक सीटों पर जीत मिलने जा रही है।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने आम आदमी पार्टी के समर्थकों को पाकिस्तानी बताया। केजरीवाल ने कहा कि यह जनता को गाली देना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के समर्थक पाकिस्तानी हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि दिल्ली के लोगों ने हमें 62 सीटें दीं क्या दिल्ली के लोग पाकिस्तानी हैं? पंजाब के लोगों ने हमें 117 में से 92 सीटें दीं, क्या पंजाब के लोग पाकिस्तानी हैं? गुजरात के लोगों ने हमें 14 पर्सेंट वोट दिया, क्या गुजरात के लोग पाकिस्तानी हैं? गोवा के लोगों ने भी हमें प्यार दिया क्या वो भी है। पंचायत के चुनाव में भी देश के कई हिस्सों में हमारे मेयर, पंचायत सदस्य चुने गए हैं, क्या वो वोट देने वाले पाकिस्तानी है? आप को प्रधानमंत्री जी ने अपना वारिस चुना है, इस बात का आप को इतना अंहकार हो गया कि आप लोगों को गालियां दे रहे हैं। अभी तो आप पीएम बने नहीं है। आप



को इतना अहंकार हो गया है। आप की जानकारी के लिए बता दूं कि 4 जून को आप पीएम नहीं बन रहे हैं। आप की सरकार जा रही है, थोड़ा अहंकार कम कीजिए और जनता को गाली मत दीजिए। आप की दुश्मनी मुझसे है, आप मुझे गाली दे दीजिए, लेकिन देश के लोगों को गाली देंगे तो कोई बर्दाश्त नहीं करेगा।

केजरीवाल ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर भी पलटवार किया जिन्होंने एक दिन पहले पूर्व दिल्ली की एक रैली में केजरीवाल सरकार पर बेहद आक्रामक हमला किया था। केजरीवाल ने कहा, कल योगी जी दिल्ली आएं थे, उन्होंने मुझे खूब गालियां दी, मैं उनहें पूरी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि योगी जी आप के असली दुश्मन आप की पार्टी में बैठे है। मुझे गाली देने से क्या फायदा है। प्रधानमंत्री जी अमित शाह आप को यूपी की कुर्सी से हटाने का पूरा प्लान बना चुके है, आप उनसे निपटिए ना। आप केजरीवाल को क्यों गाली दे रहे हैं। केजरीवाल ने एक बार फिर कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, इंडिया को बचाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है, इंडिया को बढाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है। इंडिया गठबंध को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी:केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। केजरीवाल ने कहा, पांचवें चरण का चुनाव संपन्न हो गया है। जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं वैसे वैसे साफ होता जा रहा है कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कई लोगों ने सर्वे किए हैं और जो नतीजे आ रहे हैं उससे साफ है कि चार जून को इंडिया गठबंधन को अपने दम पर 300 से ज्यादा सीटें मिल रही हैं। इंडिया गठबंधन देश को साफ-सुधरी और स्थिर सरकार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## जम्मू कश्मीर में रिकॉर्डतोड़ मतदान से ईसीआई भी खुश, कहा- विधानसभा चुनाव भी जल्द कराएंगे

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** कभी आतंकवाद प्रभावित रहे जम्मू-कश्मीर के बारामूला में लोकसभा चुनाव के दौरान बंपर मतदान ने अभी तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी पीके पोल ने बताया कि बीते कुछ दशकों में जहां यहां मतदान 10 प्रतिशत से भी कम दर्ज होता था। सोमवार को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए सर्वाधिक 59 फीसदी मतदान हुआ है। सोपोर में 44.36 प्रतिशत मतदान हुआ है। बारामूला में बंपर मतदान से गदगद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि वह जम्मू कश्मीर में भारी मतदान से काफी प्रोत्साहित हैं और जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

**1984 का रिकॉर्ड भी टूटा :** जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोल ने मतदान के अंत में संवाददाताओं से कहा, बारामूला लोकसभा क्षेत्र में 1967 में पहली बार संसदीय चुनाव होने के बाद इस बार रिकॉर्ड मतदान हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय क्षेत्र के सोपोर विधानसभा



क्षेत्र में 44.36 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां बीते कुछ दशकों में मतदान प्रतिशत 10 प्रतिशत से कम दर्ज किया जाता था। बारामूला लोकसभा क्षेत्र में इससे पहले सबसे अधिक 58.90 प्रतिशत मतदान 1984 में हुआ था।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईटी से बातचीत में कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश में भारी मतदान से काफी प्रोत्साहित हैं और जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे। उन्होंने भारी मतदान के लिए जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए काम शुरू किया जाएगा।

**उमर अब्दुल्ला समेत 22 उम्मीदवार :** बता दें कि बारामूला लोकसभा सीट पर कुल 17,37,865 मतदाता हैं। बारामूला संसदीय क्षेत्र में 2103 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। चुनाव आयोग ने कहा कि पूरे निर्वाचन क्षेत्र में सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ था। आयोग ने कहा कि 2019 में यहां 34.6 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 1989 में यह आंकड़ा मात्र 5.48 प्रतिशत था। बारामूला सीट से इस बार 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य उम्मीदवारों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। रशीद फिलहाल जेल में बंद हैं। इससे पहले, लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर सीट पर 38.49 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 1996 के बाद से सबसे अधिक है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद घाटी में यह पहला आम चुनाव है।

## राजस्थान में किसानों की जमीन कुर्की पर गरमाई सियासत, बीजेपी का अशोक गहलोत पर पलटवार

**हनुमानगढ़, एजेंसी।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में सहकारी विकास बैंक लिमिटेड की ओर से 20 किसानों की जमीने कुर्क करने के नोटिस को लेकर सोमवार को जमकर बवाल हुआ। इस दौरान कांग्रेस के सियासी हमले के बाद भजनलाल सरकार ने किसानों की जमीन कुर्की को लेकर रोक लगा दी, लेकिन अब इस मामले को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस की ओर से किए गए हमले के जवाब में सोमवार को बीजेपी नेता राजेंद्र राठौड़ ने जमकर पलटवार किया। दरअसल, हनुमानगढ़ सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड रावतसर, पीलीबंगा, टिब्बी, पल्लू और हनुमानगढ़ तहसील में कुल 20 किसानों की भूमि 3 जून से लेकर 24 जून तक नीलाम करने के लिए अखबार में नोटिस जारी किया गया। यह नीलामी ऋण नहीं चुकाने पर की जा रही है। बार-बार नोटिस देने के बाद ऋण राशि जमा नहीं करवाने पर बैंक की ओर से भूमि की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है। अखबार में यह नोटिस आने के बाद कांग्रेस भजनलाल सरकार पर जमकर हमलावर बन गई। इधर, सरकार ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों की जमीन कुर्की को लेकर आदेश देकर रोक लगा दी है। हनुमानगढ़ में किसानों की जमीन कुर्की के मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस के महासचिव जसवंत सिंह गुर्जर ने सरकार पर जमकर



हमला करते हुए आरोप लगाए। इसको लेकर राजेंद्र सिंह राठौड़ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा सरकार पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है, क्योंकि उनके शासनकाल में किसानों पर जितने अत्याचार हुए हैं। वह सब जानते हैं, किसानों को कर्ज माफी का झूठ झांसा देकर इन लोगों ने किसानों को ठगा। किसानों को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा, आंदोलन करना पड़ा। ऐसी कांग्रेस को बीजेपी सरकार पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी बीजेपी सरकार को काम करते हुए केवल 4 महीने का ही समय हुआ है। अखबार में हनुमानगढ़ के 20 किसानों की जमीन कुर्की होने को लेकर नोटिस छपे होने को लेकर पूछे गए सवाल पर राठौड़ ने कहा कि यह मामला सरकार के संज्ञान में आए बिना हुआ है।

## जिन मंदिरों में जा रहीं कंगना रनौत, उनकी करनी होगी साफ सफाई : विक्रमादित्य

**मंडी, एजेंसी।** मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने एकबार फिर कंगना के खान-पान का मुद्दा उठाते हुए सियासी माहौल गरमा दिया है। मंडी जिला के द्रंग के तहत टकोली में सोमवार को एक चुनावी जनसभा में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आज कंगना जिन-जिन मंदिरों में जा रही हैं, उनकी साफ-सफाई करानी होगी। उन्होंने कहा कि कंगना के खान-पान को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें हो रही हैं, जिससे देव समाज और देव नीति के लोग आहत हैं।

**देव समाज को कलंकित करने की शिकायतें :** विक्रमादित्य सिंह ने यह भी दावा किया कि देव नीति के विपरीत कई तरह के प्रहार कर देव समाज को कलंकित करने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। देवभूमि में रहकर प्रदेश के लोग देव नीति पर निष्ठा और विश्वास रखते हैं। इसे सहन नहीं किया जा सकता है। कंगना हमारे परिवार पर निजी आरोप लगा रही हैं। मेरे पिता जनता के आर्शीवाद से 6 बार प्रदेश के सीएम बने हैं। यदि कंगना में इतनी हिम्मत हैं तो हमारे परिवार पर निजी हमला करने के बजाय पीएम मोदी को कुर्सी छोड़ने की बात कहें।

**बिगड़ रहा कंगना का मानसिक संतुलन :** विक्रमादित्य ने कहा ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के टकोली, शिवा बदार, कटौला और भ्यूली में





जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख समीप आ रही है, वैसे-वैसे कंगना का मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। उन्हें अब आराम की जरूरत है। जो डायलॉग उन्हें बोलने थे, वह बोल चुकी हैं। अब स्क्रिप्ट खत्म हो चुकी है और उनका पैकअप का काम शुरू हो गया है।

केवल पीएम के नाम का जाप कर रहीं कंगना विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह मंडी लोकसभा के चुनावों में एक विजन के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं जबकि भाजपा की प्रत्याशी कोई विजन नहीं बता रही हैं। वह केवल प्रधानमंत्री के नाम का जाप, उनका गुणगान, उन्हें विष्णु व राम का अवतार बता कर लोगों से वोट मांग रही हैं। कंगना की सांसद बनने की इच्छा कभी पूरी होने वाली है। लोग अंधभक्ति पर नहीं काम पर विश्वास करते हैं।

**मंडी को बनाऊंगा देश का नंबर वन :** विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सांसद बनने के बाद उनकी प्राथमिकताओं में इस संसदीय क्षेत्र को देश का नंबर बन संसदीय क्षेत्र बनाने का है। मंडी को स्मार्ट सिटी, पर्यटक स्थलों का विकास, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में है। मंडी के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। उन्हें पहली बार इस संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मौका मिला है, इसलिए वह भी इस संसदीय क्षेत्र में विकास की गति को धार देंगे।

# पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुनेंगे रोहन बोपन्ना

## युकी भांबरी या श्रीराम बालाजी होंगे च्वॉइस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के टॉप डबल्स खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक के लिए अपना भारतीय जोड़ीदार चुनेंगे. इस दौड़ में वह एन. श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी में से किसी एक को अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं. अखिल भारतीय टेनिस संघ से उन्हें मंजूरी मिलना तय है.

वर्ल्ड डबल्स रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं. पेरिस ओलंपिक में पुरुष डबल्स ड्रॉ में 32 टीमें होंगी, जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है. क्वॉलीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं, जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिए. फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वॉलीफिकेशन के लिए मान्य होगी. एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है. एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'आमतौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है.

चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जाएगी. रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जाएगा.' बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था. वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे.

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है. वर्ष 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था. इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिए उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था. एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है.

एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था, जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा. बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे.

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2024 आईपीएल

## चेन्नई के शिवम दुबे पर हुई गालियों की बौछार

### आरसीबी के खिलाफ धीमी पारी ने बनाया विलेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 का आखिरी लीग मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गंवाया था, जिसके बाद टीम प्लेऑफ की रेस से एलिमिनेट हो गई थी. चेन्नई की हार के यूं तो कई कारण रहे. लेकिन कई लोगों को मानना है कि शिवम दुबे, जिन्होंने धीमी पारी खेली, वह बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई की हार का सबसे बड़ा कारण रहे. आरसीबी के खिलाफ धीमी पारी के बाद शिवम आलोचकों के हत्थे चढ़ गए. चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला 18 मई, शनिवार को खेला गया था. लेकिन फैंस अब भी शिवम दुबे से सोशल मीडिया पर गाली-गलौज कर रहे हैं. शिवम की कई इंस्टाग्राम पोस्ट पर लोग उन्हें लगातार गाली दे रहे हैं. कई लोग शिवम को आरसीबी का 12वां खिलाड़ी भी कह रहे हैं.

शिवम आईपीएल में आरसीबी का भी हिस्सा रह चुके हैं. इसके अलावा चेन्नई के ऑलराउंडर पर और भी कई तरह के आरोप लगाए गए. बता दें कि बेंगलुरु के खिलाफ अहम मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए शिवम 15 गेंदों में सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हो गए थे. इस दौरान उनके बल्ले से एक भी बाउंड्री नहीं निकली थी. टूर्नामेंट में आरसीबी और सीएसके बीच दो लीग मुकाबले देखने को मिले थे. बेंगलुरु के खिलाफ पहले लीग मैच में शिवम दुबे ने 28 गेंदों 34* रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा था.

### जूनियर पुरुष हॉकी

## यूरोप दौरे पर भारत की जीत के साथ शुरुआत



**एंटवर्प, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम पर 2-2 (4-2 शूट-आउट) की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारत ने उप-कप्तान शारदानंद तिवारी (3) के पेनल्टी स्ट्रोक के दम पर मैच की शुरुआत में ही बढ़त बना ली। टीम ने पहले क्वार्टर में अटैकिंग प्रदर्शन के साथ-साथ ब्रेक तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे क्वार्टर में उप-कप्तान ने एक और पेनल्टी स्ट्रोक के साथ टीम की बढ़त बढ़ाई। 27 वें मिनट में गोल के साथ हाफ टाइम तक भारत 2-0 से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपना खाता खोला। इस क्वार्टर का अंत 2-1 के स्कोर पर हुआ।

हालांकि अंतिम क्वार्टर में भारत के पास एक गोल की बढ़त थी, लेकिन बेल्जियम ने दबाव बनाए रखा। मैच में कुछ ही मिनट बचे थे, जब बेल्जियम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बराबरी कर ली। इसके बाद निर्धारित समय तक दोनों टीम और गोल करने में सफल नहीं रही। इसलिए चौथा क्वार्टर 2-2 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ और खेल शूटआउट में चला गया। गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने पेनल्टी शूट-आउट में भारतीय टीम के लिए गोल किए, जबकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार बचाव किए और भारत ने पेनल्टी शूट-आउट 4-2 से जीतकर अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की।

# हिटमैन रोहित शर्मा के आरोपों पर स्टार स्पोर्ट्स का पलटवार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा और स्टार स्पोर्ट्स के बीच बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। स्टार स्पोर्ट्स ने भारतीय कप्तान के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि चैनल ने उनका कोई ऑडियो ना रिकॉर्ड किया है और ना ही उसे चलाया गया है।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी थी। दरअसल, रोहित का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मैच से पहले अपने दोस्तों और सहकर्मियों से बात कर रहे थे। इतने में रोहित ने देखा कि कैमरामैन उनकी बातचीत को रिकॉर्ड कर रहा है। रोहित ने उनसे हाथ जोड़कर अपील की कि वह ऑडियो रिकॉर्ड न करें। वीडियो वायरल होने के बाद रोहित ने इसे लेकर स्टार स्पोर्ट्स पर गुस्सा उतारा। रोहित शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, क्रिकेटरों की जिंदगी इतनी दखलंदाजी वाली हो गई है कि कैमरे अब हमारे हर कदम और बातचीत को रिकॉर्ड कर रहे हैं, जो हम अपने दोस्तों और सहकर्मियों के साथ प्रशिक्षण के दौरान या मैच के दिनों में एकांत में कर रहे हैं। हिटमैन ने आगे लिखा, जबकि, स्टार स्पोर्ट्स से भी कहा था कि बातचीत को रिकॉर्ड ना करें, उसके बावजूद उन्होंने किया और ऑन एयर भी कर दिया, जो गोपनीयता का उल्लंघन है। एक्सक्लूसिव कंटेंट पाने और सिर्फ व्यूज पाने के अलावा इंगेजमेंट पर फोकस करना एक दिन फैन्स, क्रिकेटर्स और क्रिकेट के बीच विश्वास खो देगा। रोहित शर्मा को जवाब देते हुए कहा, रोहित शर्मा की बातचीत की क्लिप 16 मई, वानखेड़े स्टेडियम की है। उस वीडियो में रोहित शर्मा अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे।

हमने उस क्लिप का कोई ऑडियो और कोई बातचीत ना तो रिकॉर्ड की और ना ही उसे प्रसारित किया। उस वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ प्री-शो के लिए हुआ था, लेकिन, उसमें कोई ऑडियो रिकॉर्ड नहीं था। इसके अलावा चैनल ने कहा कि वह खिलाड़ियों की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित शर्मा ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर स्टार स्पोर्ट्स के कैमरामैन से कहा, भाई यार ऑडियो बंद कर भाई, एक ऑडियो ने मेरी वाट लगा दी है, जिसे बाद में ऑन एयर भी दिखाया। रोहित की निजी बातचीत रिकॉर्ड होने की यह एकमात्र घटना नहीं है, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले हिटमैन और केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच की बातचीत को पोस्ट करके एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया था। हालांकि, अब इस वीडियो को केकेआर फ्रेंचाइजी ने हटा दिया है।

## क्या विराट कोहली दोहरा पाएंगे साल 2016 वाला कारनामा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का ये 17वां सीजन चल रहा है। लेकिन साल 2016 का इंडियन प्रीमियर लीग अभी भी लोगों को अक्सर याद आ जाता है। ये वही साल था, जब आईपीएल के सीजन में किसी बल्लेबाज ने करीब एक? हजार रन जड़ दिए थे। इससे पहले और इसके बाद से लेकर अब तक कभी ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन अब विराट कोहली खुद ही अपना कीर्तिमान तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। क्या कोहली साल 2016 वाला कारनामा एक बार फिर से दोहरा पाएंगे, ये बड़ा सवाल बन गया है।

### कोहली अब तक बना चुके हैं 708 रन

आरसीबी के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली इस साल आईपीएल में अब तक 14 मुकाबले खेलकर 708 रन बना चुके है। वे अकेले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 700 का आंकड़ा पार किया है। उनके अलावा कोई और बल्लेबाज 600 रन भी नहीं बना पाया है। यानी अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो ये करीब करीब तय सा लग रहा है कि इस बार ऑरेंज कैप उन्हीं के नाम होगी। लेकिन इस कैप को जीतने से ज्यादा कोहली ये चाह रहे होंगे कि उनकी टीम फाइनल में पहुंचे और पहली बार खिताब भी अपने नाम करे।

**साल 2016 के आईपीएल में विराट कोहली**

इस बीच अगर साल 2016 की बात की जाए तो उस साल कोहली ने बल्ले ने धमाल मचाया था। उन्होंने उ साल 16 मैच खेलकर 973 रन बनाए थे, जो आज भी आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है। लेकिन क्या कोहली फिर से 900 का आंकड़ा पार कर पाएंगे। इतना ही नहीं, क्या कोहली साल 2016 का अपना ही कीर्तिमान तोड़ पाएंगे।

**कोहली को मिल सकते हैं तीन और मुकाबले**

आरसीबी को अभी अधिक से अधिक तीन मैच और मिल सकते हैं। पहले तो उनकी टीम एलिमिनेटर खेलेगी, जिसमें उनका सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। अगर टीम ये मैच जीत जाती है तो उन्हें क्वालिफायर 2 खेलने का मौका मिलेगा। ये मैच जीतने ही टीम सीधे फाइनल में चली जाएगी।

यानी कोहली के पास मौका तो है, लेकिन अगर टीम एलिमिनेटर से ही बाहर हो गई तो फिर वे इस रिकॉर्ड तो नहीं तोड़ पाएंगे, ये भी तय है। उन्हें यहां से अभी 266 रनों की जरूरत है। जो कोहली जैसे बल्लेबाज के लिए तीन मैच में बनाना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन इसके लिए कोहली को बड़ी पारी खेलनी होगी। इतना ही नहीं, उनसे शतक की भी दरकार होगी। लेकिन केवल एक बल्लेबाज से कुछ नहीं होगा। क्या बाकी टीम भी उनका साथ देगी, ये देखना दिलचस्प होगा। इस बीच ये रिकॉर्ड उनके निशाने पर तो आ ही गया है, देखना होगा कि बाकी बचे मैचों में वे कैसा प्रदर्शन करते हैं।



## मसल टीयर इंजरी होने के बावजूद आईपीएल खेल रहे थे धोनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान और स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर खेलते हुए दिखाई दिए. 42 साल के हो चुके धोनी को लेकर कयास थे कि वह बीच टूर्नामेंट में या फिर इस सीजन सीएसके का अभियान खत्म होने के बाद इस लीग से अपने संन्यास का ऐलान कर सकते हैं. लेकिन धोनी ने अभी तक ऐसा नहीं किया है.

हालांकि धोनी के फैन्स के लिए खबर कुछ चिंताजनक है. धोनी इस सीजन मसल टीयर से जूझ रहे हैं और वह इसी चोट के साथ पूरा सीजन आईपीएल में खेले. इस सीजन धोनी लगातार निचले क्रम पर बैटिंग के लिए आ रहे थे या फिर वह अंतिम 2 ओवरों में ही बैटिंग पर उतरना पसंद कर रहे थे. इसके पीछे वजह यह थी कि धोनी इस मसल टीयर के चलते ज्यादा दौड़ नहीं पा रहे थे.

ऐसे में उन्हें निचले क्रम में खेलने के चलते कई बार आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा. एक मैच में तो वह नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे. रिपोर्ट के मुताबिक, अपने सूत्रों के आधार पर पर बताया है कि धोनी इस मसल्स टीयर के लिए लंदन इलाज करवाने जाएंगे. इस रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी इस चोट के इलाज के बाद आईपीएल में अपने भविष्य पर फैसला करेंगे. ऐसे में उन्हें यह फैसला लेने में 5 से 6 महीने का समय लग सकता है.

### मैं बहुत खुश होऊंगा

## हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने की इच्छा जताई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भविष्य में टीम इंडिया के लिए कोचिंग की भूमिका निभाने की संभावना का संकेत देते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस खेल को कुछ वापस देना चाहेंगे जिसने उन्हें इतना शानदार करियर दिया है। उन्होंने कहा कि मेन इन ब्लू को कोचिंग देना टीम प्रबंधन के बारे में है। हरभजन का यह बयान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा जिस साल अगला 50 ओवर का क्रिकेट विश्व कप होगा। भारतीय टीम की कोचिंग के बारे में बात करते हुए हरभजन ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं आवेदन करूंगा या नहीं।

भारत को कोचिंग देना मैन मैनेजमेंट के बारे में है, खिलाड़ियों को गाड़ी चलाना और खींचना सिखाने के बारे में नहीं। वे इसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। आप उन्हें कुछ मार्गदर्शन दे सकते हैं। क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अगर मुझे इसे वापस देने का मौका मिलता है, तो मैं बहुत खुश होऊंगा।

पिछले साल नवंबर में भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद घर पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को जून तक का विस्तार दिया गया था, जो कि वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन भी है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई शाम 6 बजे तक होगी। बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, बीसीसीआई ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन खोले हैं। इस पद के लिए आवेदन 27 मई, 2024 को शाम 6 बजे तक जमा किए जाने चाहिए। चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।

बीसीसीआई ने संभावित मुख्य कोच के लिए योग्यताएं इस प्रकार रखी हैं- कम से कम 30 टेस्ट मैच या 50 वनडे खेले हों या कम से कम 2 साल के लिए पूर्ण सदस्य टेस्ट खेलने वाले देश का मुख्य कोच हो, या कम से कम 3 साल के लिए एसोसिएट सदस्य/इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम या समकक्ष अंतरराष्ट्रीय लीग/प्रथम श्रेणी की टीमों/राष्ट्रीय ए टीमों का मुख्य कोच हो, या बीसीसीआई लेवल 3 प्रमाणन या समकक्ष हो और 60 वर्ष से कम आयु का हो।

भारत को इस साल टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है।

भारत अपना टी20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा। इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मुख्य मुकाबला होगा। भारत इसके बाद 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा।

### भारतीय टीम:

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।

### टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका

# चोट का शिकार हुए अंग्रेज कप्तान जोस बटलर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान आईपीएल प्लेऑफ से पहले अपने देश लौट चुके हैं. दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी. लेकिन इस सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर चोट का शिकार हो गए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में जोस बटलर को बाहर बैठना पड़ सकता है. लेकिन सवाल है कि क्या टी20 वर्ल्ड कप तक जोस बटलर फिट हो पाएंगे? अगर जोस बटलर जोस टी20 वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं हुए तो इंग्लैंड टीम के लिए बड़ा झटका होगा.

**पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जोस बटलर के खेलने पर संस्पेश...**

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 22 मई को खेला जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोस बटलर पहले मैच में खेल नहीं पाएंगे. साथ ही इस बात के आसार बेहद कम हैं कि जोस बटलर इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में खेल पाएंगे. हालांकि, अब तक जोस बटलर के चोट पर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. बताते चलें कि पिछले दिनों आईपीएल के बीच जोस बटलर टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर अपने देश लौट गए. संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर का प्लेऑफ से पहले इंग्लैंड लौटना बड़ा झटका माना जा रहा है. वहीं, अब इस दिग्गज बल्लेबाज के चोटिल होने की खबर सामने आ रही है.

**इंग्लैंड-पाकिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल क्या है?**

बताते चलें कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 4 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी. इस सीरीज का पहला टी20 22 मई को हेडिंग्ले में खेला जाएगा. इसके बाद दोनों टीमें 25 मई को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगी. जबकि इस सीरीज का तीसरा टी20 28 मई को कार्डिफ में खेला जाना है. वहीं, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज का आखिरी टी20 30 मई को लंदन में खेला जाएगा. इसके बाद इंग्लैंड टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका रवाना होगी. लेकिन इससे पहले जोस बटलर की चोट इंग्लैंड की परेशानियों में इजाफा करने वाला है.

# पुलिस अधिकारी बनकर सस्ते दामो पर सामान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी ठग गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधिकारी बनकर सस्ते दामो पर सामान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो ठगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा ने बताया कि दिनांक 12/02/24 को फरियादी नागेन्द्र कुमार यादव पिता दयाराम यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पडरहा द्वारा थाना अजयगढ़ में रिपोर्ट की गई कि कल दिनांक 11/02/24 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोबाइल में फोन लगाकर बोला गया कि मैं तुम्हारे पिताजी का दोस्त टीआई अजयगढ़ सोनकर बात कर रहा हूँ। मुझे कुछ पैसे चाहिये है अभी तुम मेरे अकाउण्ट में डाल दो मैं सुबह तुम्हारे पैसे वापस कर दूँगा। मैनें उक्त व्यक्ति की बातो का भरोसा करके उसके द्वारा भेजे गये क्यू आर कोड को स्कैन करके कुल 95 हजार रूपये ट्रान्सफर कर दिये। इसके बाद भी वह व्यक्ति मुझसे और पैसों की माँग कर रहा था जिससे मुझे शंका हुई तो मैने अपने पिताजी को इस संबंध में सूचना दी। कुछ समय बाद पिताजी ने थाना से जानकारी लेकर पता किया तो पता चला कि उक्त मोबाइल नम्बर थाना प्रभारी अजयगढ़ का नही है न ही थाना प्रभारी अजयगढ़ द्वारा किसी से पैसे माँगे गये है। इस तरीके से उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे साथ धोखाधड़ी करके छलपूर्वक कुल 95 हजार रूपये अपने बैंक खातो में डलवा लिये गये हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना अजयगढ़ में अप.क्र. 72/24 धारा 420 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी अजयगढ़ द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई थी। थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के सहायतार्थ कार्यवाही में सहयोग हेतु पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को आदेशित किया गया। मामले में गठित पुलिस टीम एवं पुलिस सायबर सेल टीम द्वारा मिलकर अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित करने हेतु लगातार प्रयास किये गये थे। जिसके बाद 02 संदेही व्यक्तियों को नागल टप्पा थाना बगड़ तिराया जिला अलवर राजस्थान से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेही व्यक्तियों द्वारा अपना अपना नाम हुसैन खान पिता समयदीन खान उम्र 32 वर्ष एवं राहुल खान पिता असरू खान उम्र 28 साल बताया गया। जिसके आधार पर आरोपीयो ने अपना जुर्म कबूल किया तथा अलग अलग खातो मे 95 हजार की राशि डलवाना बताया गया। आरोपीयों के कब्जे से तीस हजार रूपये नगद तथा दो मोबाईल आदि बरामद किये गयें। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी हनुमतपुर उनि ईश्वर सिंह, पुलिस सायबर सेल पन्ना से प्र.आर. आशीष अवस्थी, पुलिस टीम में शामिल प्र.आर. खेमचन्द राय, ईश्वरदयाल अहिरवार, आर. प्रदीप हरदेनिया, सुशील मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस महानिरीक्षक महोदय सागर द्वारा उक्त पुलिस टीम को 25 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमितीकरण के लिए मांगी जानकारी

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा समस्त कार्यालय/विभाग प्रमुखों से दैनिक वेतन भोगी स्थायीकर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के नियमित पदों पर नियमितीकरण के संबंध में जानकारी मांगी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 5-1/2013/1/3 भोपाल, दिनांक 07.10.2016 के निर्देशानुसार जिले में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी स्थायीकर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के नियमित पदों पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जाना है। इस संबंध में संबंधित विभागों से कार्यालय में कार्यरत स्थायीकर्मियों एवं चतुर्थ श्रेणी के नियमित स्वीकृत, रिक्त एवं भरे पदों की संवर्गवार निर्धारित प्रपत्र पर अविलंब जानकारी चाही गई है।

## किसानों से 31 मई तक होगा मसूर एवं सरसों का उपार्जन

**पन्ना।** जिले के किसानों से रबी विपणन वर्ष 2023-24 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मसूर एवं सरसों की खरीदी निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर की जा रही है। मसूर और सरसों के उपार्जन का कार्य 31 मई तक जारी रहेगा। शासन द्वारा मसूर का 6 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों का 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। किसान उपार्जन केन्द्रों या कियोस्क अथवा स्वयं द्वारा अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय शासकीय उपार्जन केन्द्रों पर कर सकते हैं।

# जिले मे लगातार दस वर्षो से आउट सोर्स स्वास्थ कर्मचारियो का हो रहा शोषण, सत्रह हजार की जगह मिल रहे सात हजार

### स्वास्थ विभाग के अधिकारी तथा आउट सोर्स एजेन्सी मिलकर कर रही फर्जीवाड़ा



**पन्ना।** पन्ना जिले मे लगातार अराजक्ता, भ्रष्टाचार, शोषण करने का माहोल कायम है, बेचारे गरीब मजदूर आम जन किसान, परेशान है तथा विभागो मे कार्यरत छोटे कर्मचारीयो का सरेआम शोषण किया जा रहा। उदाहरण के तौर पर स्वास्थ विभाग के अन्तर्गत आउट सोर्स के माध्यम से लगभग ढाई सैकडा कर्मचारी जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ केन्दो मे दिन रात मेहनत कर रहे है। जो पूर्व में कामथेन आउट सोर्स एजेन्सी के द्वारा लगाये गये थें। जिन्हे सरकार द्वारा एजेन्सी को सत्रह हजार तथा पन्द्रह हजार मानदेय दिया जाता है। लेकिन आउट सोर्स एजेन्सी तथा स्वास्थ विभाग के सीएमओ एवं सिविल सर्जन द्वारा मिलकर दस हजार की राशि की बंदर बाट कर ली जाती है तथा कुछ कर्मचारीयो को तथा कुछ कर्मचारीयो को पांच हजार रूपये मात्र मान देय दिया जा रहा है। उक्त कंपनी लगातार ब्लैक लिस्टेड रही लेकिन मार्च 2024 तक कामथन कंपनी के नाम पर ठेका रहा। अब उन्ही के द्वारा नाम बदलकर स्वाईबुल के नाम से एजेन्सी दर्शाकर ठेका लिया गया है। लेकिन कर्मचारीयों को शोषण उसी प्रकार लगातार जारी है। प्रत्येक माह स्वास्थ विभाग के अप्सर तथा आउट सोर्स एजेन्सी के द्वारा लाखो रूपये की बंदर बाट की जा रही है तथा कर्मचारीयो का शोषण किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर संविदा स्वास्थ कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन देते हुए कर्मचारीयो को हो रहे शोषण को रोकने तथा सभी आउट सोर्स कर्मचारीयो का मानदेय निर्धारित मापदण्ड अनुसान दिलाये जाने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि जिले मे चारो तरफ आरजक्ता का माहोल है, स्वास्थ विभाग के जिम्मेवार अधिकारीयो द्वारा लगातार गरीब कर्मचारीयो का शोषण किया जा रहा हैं। स्वास्थ कर्मचारी संघ ने तत्काल मानदेय बढाने तथा मामले की जांच कराये जाने के संबध मे माग की है साथ ही आउट सोर्स कर्मचारीयो के पारिश्रमिक पीएफ, ईएसआई की राशि दिलाये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालो मे अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, प्रदेश मंत्री बृजकिशोर जडिया, प्रदेश संयोजक मुकेश सिंह, वियज बोहत सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बिलपुरा टिकुरिया मोड़ पर मिला था नव युवक का शव, गंभीर आदिवासी के रूप मे हुई पहचान

### हत्या या आत्महत्या, पुलिस जांच मे जुटी

**पन्ना।** बीते दिवस की रात्रि एक अज्ञात शव की सूचना रैपुरा थाना पुलिस को राहगीरों द्वारा मिली थी कि एक अज्ञात शव रोड पर पड़ा हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को लेकर रैपुरा शव विच्छेदन गृह में रखाया गया। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह शव की पहचान गंभीर आदिवासी उर्फ गुड्डू पिता अर्जुन सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी बीरमपुरा के रूप में हुई। पिता अर्जुन आदिवासी के अनुसार शाम को उसका बेटा घर पर ही एक रिश्तेदार के साथ था। उसने सबके साथ घर पर खाना खाया इसके बाद पिता अरहर की खेती ताकने के लिए अपने खेतों की तरफ चले गए। रविवार को हुए पोस्टमॉर्डम में डॉक्टर एम एल चौधरी ने बताया कि युवक की गर्दन, चेहरे एवं सर के पीछे घाव के निसान है उसका बायां कान कटा हुआ है। पुलिस हत्या की आशंका को देखते हुए मामले की विवेचना में लगी हुई है। शव को पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है तथा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली टीएल बैठक, समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को टीएल व जनसुनवाई सहित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में समय-सीमा में तत्परतापूर्वक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाएं नागरिकों को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए।

जिपं सीईओ ने टीएल बैठक में लोकसभा निर्वाचन के मानदेय वितरण सहित न्यायालयीन अवमानना के मामलों में जवाबदावा, समर्थन मूल्य पर गेहूं, सरसों व मसूर उपार्जन की स्थिति एवं परिवहन व भण्डारण सहित किसानों को राशि का भुगतान, अनुपयोगी बोरवेल के संबंध में की गई कार्यवाही, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की शिकायतों के निराकरण, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रकरणों पर कार्यवाही, केन-बेतवा लिंक परियोजना व पन्ना-सतना रेल खण्ड के भू-अर्जन कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही छात्रवृत्ति प्रकरणों में डाटा अपडेशन सहित चार नवीन स्वीकृत सीएम राइज स्कूल के लिए त्वरित रूप से जमीन चिन्हांकन सहित समस्त आवश्यक कार्यवाही के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया। इसके अलावा पेयजल की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए।



उन्होंने वन व्यवस्थापन अंतर्गत एक सप्ताह में अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आईटीआई में प्रवेश क्षमता के विरूद्ध पंजीयन की जानकारी लेकर प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रवेश के इच्छुक आवेदकों को सूचित करने और शासकीय आईटीआई मोहन्द्रा एवं गुनौर के निर्माणाधीन भवन की अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा श्रम सेवा पोर्टल पर स्थानीय निकायों की मैपिंग, पेंशन हितग्राहियों के ईकेवायसी व समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से आधार अपडेशन कार्य में आवश्यक सहयोग के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद गुनौर के सीएमओ को सिरी स्थित गौशाला के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंघौरा-2 परियोजना के पन्ना टाइगर रिजर्व से संबंधित व लंबित 07 प्रकरणों में ज्वाइंट सर्वे के लिए निर्देशित किया। संबंधित अधिकारियों को समग्र-आधार लिंक के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अंतर्विभागीय समन्वय के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक अब 27 मई को

**पन्ना।** जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए आज आयोजित होने वाली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में अब यह बैठक आगामी 27 मई को टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों सहित समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओं तथा एकल ग्राम योजनाओं के प्रगति की समीक्षा होगी। शालाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की समीक्षा भी की जाएगी। समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैठक में वर्चुअल शामिल होंगे।

### जेके सीमेंट कंपनी की मनमानी लगातार जारी

# बिना अनुमति के केन नदी से प्लांट के लिए इन्टक बेल बनाकर लिया जा रहा पानी





**पन्ना।** जहां एक ओर जिले मे भीषण जल संकट देखा जा रहा है, लोग पीने के पानी के लिए परेशान है तथा कई किलोमीटर दूर से पानी लेने लोग जा रहे है तथा प्रशासन द्वारा जल आभाव ग्रस्त जिले को घोषित करते हुए किसी भी जलाशय नदी, नालो से कामर्शियल उपयोग के लिए पानी लेना प्रतिबंधित किया गया है। वहीं दूसरी ओर जिले में संचालित जेके सीमेंट कंपनी की मनमानी लगातार जारी है। बिना किसी अनुमति के केन नदी के अन्दर इन्टेक बेल बनाकर बकायदा प्रतिदिन हजारो क्यूबिक पानी लिया जा रहा है। जिससे नदी की जल धारा कम हो रही है तथा नीचे टाईगर रिजर्व के वन जीवो को भी पानी पीने मे परेशानी हो रही है तथा वन जीव पानी की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रो की ओर भाग रहे है। जिससे उनकी मौते भी हो रही है। उक्त मामले को लेकर अनेकोबार क्षेत्रीय जागरुक नागरिकों के द्वारा जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग तथा पीएचई विभाग को अवगत कराया है। उसके बावजूद कोई कार्यवाही नही हुई है। यदि समय पर कार्यवाही नहीं हुई तो केन नदी का पानी कुछ ही दिन में समाप्त हो सकता है और पशु-पक्षियों को भी जल समस्या से जूझना पड़ सकता है। पूरी तरह से नियम विरुद्ध है नदी में इंटकवेल बनाना क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता मंगल सिंह राजावत ने बताया कि देश की सबसे स्वच्छ नदियों में गिनी जाने वाली केन नदी में इस प्रकार इंटकवेल बनाना और किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा कार्यवाही नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने आगे बताया कि नियम अनुसार किसी भी नदी या अन्य श्रोत का पानी किसी कंपनी के द्वारा नहीं लिया जा सकता, कंपनी को स्वयं श्रोत तैयार करने चाहिए लेकिन जेके सीमेंट पूरी तरह से मनमानी पर उतारू है जिसकी अवैध गतिविधियां शासन प्रशासन अनदेखा कर रहा है। केन का पानी पन्ना पहुंचना भूले जिम्मेदार कई बार जिले के सत्ताधारी नेता मंच से यह बोल चुके हैं कि पन्ना सहित अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल समस्या का हमेशा के लिए समाधान करने केन नदी का पानी लाया जाएगा, जिसके लिए बाकायदा पाइपलाइन बिछाई जाएगी लेकिन यह बात केवल भाषणों तक सीमित रही, वहीं दूसरी ओर जेके सीमेंट प्रबंधन के द्वारा मनमानी पूर्वक नदी में इंटकवेल लगाकर लोगों के खेतों से जबरन पाइपलाइन बिछा कर और नदी किनारे साइलेंट जनरेटर लगाकर प्रतिदिन लाखों गेलन पानी खींचा जा रहा है, जिसके विरोध में अभी तक जिले का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि शामने नही आ रहा है तथा जेके कंपनी की मनमानी लगातार जारी है।

# स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान मे जागरूकता अभियान प्रारम्भ



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना में संचालित है जिसने विशेष अवश्यकता वाले बच्चो हेतु जैसे श्रवण बाधित और दृष्टिबाधित दिव्यांगो को सम्पूर्ण सुविधा युक्त आवासीय दिव्यांग विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ है इस जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सुनहरा, राजापुर एवं कटरा ग्रामों में दिव्यांगजनों हेतु जागरूकता अभियान प्रारंभ किया इस जागरुकता अभियान में अभिभावकों एवं ग्रामों के लोगों को दिव्यांगता के प्रति शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओ जैसे पेंशन, नकपक कार्ड, सहायक उपकरणों, नोकरी में आरक्षण, एवं अन्य अधिकार के बारे में बताया गया और पैंपलेट भी वितरण किए गए। अभियान के तहत घर घर जा कर लोगो को जागरूक किया गया। स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग विद्यालय में निशुल्क प्रवेश सम्बंधी प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालता प्रसाद, आशीष सोनी, चंद्रशेखर कोल, रूपेंद्र पटेल, स्वाती चौहान, स्वीटी खरे एवं अन्य विद्यालय स्टॉफ उपस्थिति रहे।

# पेयजल के खातिर पिता की लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर, आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** अमरपाटन पुलिस अंतर्गत पेयजल की किल्लत से परेशान युवक ने बीती रात पिता की लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर कर मोहल्ले में दहशत फैला दी। फरियादी पुष्पेंद्र सिंह गौतम पिता सूर्य प्रताप सिंह (28) निवासी ताज नगर वार्ड-15 पुरानी बस्ती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शरद उर्फ संतोष नामदेव पिता रामगोपाल नामदेव (45) साल निवासी ताज नगर वार्ड-15 पुरानी बस्ती अमरपाटन के खिलाफ आईपीसी की धारा 336,188 और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत कायमी कर गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपी के कब्जे से 12 बोर की एक नली बंदूक और एक खाली खोखा भी बरामद किया गया। थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी ने बताया कि पुष्पेंद्र सिंह गौतम बीती रात तकरीबन सवा 3 बजे रामचरण समेत मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ अपने-अपने घर के सामने पाइप लाइन में पानी की सप्लाई चालू होने का इंतजार कर रहे थे तभी शरद उर्फ संतोष नामदेव आया और बंदूक से हवाई फायर कर घर में घुस गया। सुबह पुष्पेंद्र ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक बंदूक आरोपी के पिता के नाम है, जो आर्मी में थे। 6 वर्ष पहले उनकी मौत हो चुकी है। बड़ी बात तो यह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के बाद भी आरोपी ने थाने में बंदूक जमा नहीं कराई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी शरद उर्फ संतोष नामदेव ने पुलिस को बताया कि नगर परिषद द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन से पानी की सप्लाई हो रही है। मोहल्ले वासियों ने जगह-जगह पाइप लाइन में छेद कर अत्यधिक पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पानी के लिए किल्लत हो रही है। मोहल्ले में आए दिन की ये समस्या है। आरोपी ने बताया कि परेशान होकर हवाई फायर करना पड़ा।

# अधिकतम खुदरा मूल्य की मनमानी, छपाई पर शासन का नियंत्रण हो : मुकेश

### उपभोक्ताओं को लुटने से बचाया जाए : ए.बी.जी.पी. संगठ्न

**पन्ना**

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, संगठन द्वारा उपभोक्ताओं को ग्राहक जागरूकता, अधिकारों की शिक्षा एवं ग्राहकों की शिकायतों के लिए मार्गदर्शन करने वाला एक स्वयंसेवी संगठन है। गंभीर विचार विमर्श के बाद अब पैकेज्ड वस्तुओं पर एमआरपी की छपाई तय करने के लिए कानून और नियामक आदेश लाने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ए.बी.जी.पी. उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन में शामिल अग्रणी संगठन है। सरकार ने 1990 में लीगल मेट्रोलॉजी विधान के तहत अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पेश किया। खुदरा बिक्री के लिए रखे जाने वाले उत्पाद की पैकेजिंग पर एम.आर.पी. की छपाई अनिवार्य कर दी गई। खुदरा विक्रेता निश्चित रूप से एमआरपी से कम पर उत्पाद बेच सकता है। लेकिन एमआरपी से अधिक कीमत पर उत्पाद बेचना अपराध है। विडंबना यह है कि एम.आर.पी. कैसे तय की जानी चाहिए, इस बारे में किसी भी दिशानिर्देश पर कानून चुप है। आज निर्माता मनमाने ढंग से एमआरपी तय करते हैं। एम आर पी अपारदर्शी है और उपभोक्ता को एमआरपी की संरचना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमें ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जहां उपभोक्ता ऐसी कीमत चुकाता है जिसका उत्पाद की योग्यता से कोई संबंध नहीं होता। उपभोक्ता प्रतिनिधि के रूप में हम मांग करते हैं कि एमआरपी संरचना निष्पक्ष, पारदर्शी और आसानी से समझी जाने वाली होनी चाहिए। चूँकि किसी उत्पाद की एम. आर.पी. तय करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती, इसलिए एमआरपी अनुचित राशि पर निर्धारित की जाती है। खासकर दवाइयों के मामले में उपभोक्ताओं को जबरदस्त लूटा जाता है। उपभोक्ता न तो चुनने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकता है और न ही लूट के बारे में जागरूक हो सकता है। ए. बी.जी.पी. पूरे देश में एमआरपी का मुद्दा क्यों उठा रहा है? लगभग 140 करोड़ उपभोक्ताओं की ओर से, ए.बी.जी.पी. ने केंद्र सरकार से उत्पाद की लागत (सीओपी), उत्पाद की पहली बिक्री मूल्य (एफएसपी) और एमआरपी के संबंध में एमआरपी को कॉन्फ़िगर करके सभी उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाला कदम उठाने का अनुरोध किया है। एम.आर.पी. की संरचना तैयार करने और उस पर अमल करने में समय लग सकता है। इस बीच सरकार पैक्ड उत्पादों पर एम. आर.पी के साथ एफ.एस.पी. भी छापने का आदेश दे सकती है। उपभोक्ता जब खरीदारी करता है तो वह तर्कसंगत विकल्प चुन सकता है यदि उसे एफ. एस. पी. के बारे में जानकारी हो। एफ. एस. पी को लागू करने से निर्माताओं और आयातकों पर अत्यधिक लागत नहीं आती है एवं उपभोक्ताओं को वास्तविक लाभ होगा। यह उपभोक्ता की पसंद के अधिकार का समर्थन करेगा। ए.बी.जी.पी. ने इस मुद्दे को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के साथ उठाया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 22 मई 2024




कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सड़कों के कार्य अभियान चलाकर 15 जून तक पूरे कराएं।



# निर्माणाधीन सड़कों का कार्य अभियान चलाकर पूरा कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सड़कों के कार्य अभियान चलाकर 15 जून तक पूरे कराएं तथा जिन कार्यों में भू अर्जन या अतिक्रमण के कारण व्यवधान आ रहा हो वहाँ राजस्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर अवरोधों को दूर करते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ कराएं।

कलेक्टर ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल से पहले डूबने वाले पुल-पुलियों की पहचान कर चेतावनी के बोर्ड लगवाएं तथा निर्माण कार्यों को इस स्तर तक पूर्ण करें ताकि वर्षा के कारण व्यवधान न आने पाए। उन्होंने कहा कि अनुबंध की समय सीमा में कार्य को पूर्ण कराने के लिए कार्यपालन यंत्री अपने स्तर पर संबंधित निर्माण एजेंसी व अधीनस्थ अधिकारियों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान तिलखन से खड़हन टोला सड़क के चौड़ीकरण कार्य के लिए किसानों द्वारा भूमि उपलब्ध न कराने पर निर्देशित किया कि यदि एक सप्ताह में भूमि न प्राप्त हो तो उक्त कार्य को बंद कर दिया जाए। कलेक्टर ने शहर में पचमठा पहुंच मार्ग के कार्य को 15 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने करहिया मण्डी के सामने अवरूद्ध कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारी को दिए। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 85 कार्य स्वीकृत हैं जिन्हें पूर्ण कराया जा रहा है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग शंकरलाल, कार्यपालन यंत्री एमपीआरडीसी उमेश सिंह सहित सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईव्हीएम की सीलिंग का प्रशिक्षण 28 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना के उपरांत ईव्हीएम मशीनें सील कर ईव्हीएम वेयरहाउस में रखी जाएंगी। ईव्हीएम की सीलिंग व अन्य मतगणना से संबंधित पैकेट्स की सीलिंग का प्रशिक्षण 28 मई को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में दिया जाएगा।

## वेतन 28 मई तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 22 मई से 28 मई तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी उक्त तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक जून को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोक गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**रीवा।** मऊगंज जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए गये हैं। यह आदेश सम्पूर्ण मऊगंज जिले राजस्व सीमा में लागू रहेगा। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है।

जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## अपहरण काण्ड में शामिल अन्तर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा

**रीवा।** संतबहादुर उर्फ लाला के अपहरण काण्ड में शामिल अन्तर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों को अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय श्री प्रवीण पटेल द्वारा दोहरे आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। सीधी निवासी संतबहादुर उर्फ लाला का बलविंदर उर्फ राजेश सिंह निवासी परौंधी जिला औरंगाबाद, नारायण लोहार निवासी नानक नगर गली नम्बर दो भवरकुआं इंदौर, संजू उर्फ धनेन्द्र प्रताप सिंह निवासी गंगेव मठा मनगवां तथा अजीत सिंह उर्फ अभिषेक निवासी पार्वती काशीचक नवादा बिहार द्वारा फिरौती के लिए गुढ़ के मोहनिया घाटी से वर्ष 2018 में अपहरण किया गया था। अपराध सिद्ध होने पर न्यायाधीश द्वारा आरोपीगणों को सश्रम आजीवन कारावास एवं पाँच-पाँच हजार रुपए के जुर्माने की सजा से दण्डित किया गया है।

### प्री मानसून मेंटिनेंस के कारण अतरैला सबस्टेशन आज प्रातः 9 बजे से बंद रहेगा

**रीवा।** प्री मानसून टेधस्टग कार्य 132/33 केव्ही 50 एमव्हीए टाल एक्समर पर प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जायेगा जिसके कारण 132 केव्ही सबस्टेशन अतरैला आज 22 मई बंद रहेगा। अधीक्षण अभियंता संचा. संधा. ने बताया कि मेन्टिनेंस कार्य के कारण अतरैला, पनवार, फीडर बंद रहेंगे एवं रामबाग 132 केव्ही उपकेन्द्र कटरा से फीड रहेगा।

# ए.डी.आर. सेन्टर में कार्यशाला एवं विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में ए.डी.आर.सेन्टर जिला न्यायालय में कार्यशाला / विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपराध पीडित विवाद विहीन ग्राम योजना, मध्यस्थता, लोक अदालत, गरीबी उन्मूलन, किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सो, नशा मुक्त एवं नालसा तथा सालसा के समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि सबको समान न्याय मिले और सभी की न्याय तक पहुँच हो एक समतामूलक समाज की यही पहचान होती है और इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। शिविर में शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य योगेन्द्र तिवारी ने संविधान में विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। एल.ए.डी.सी के लीगल असिस्टेंट काउसेल अनीश पाण्डेय ने लीगल एड. डिफेस काउंसेल सिस्टम के बारे में बताया। स्वागत उद्बोधन रफीक मनिहार ने दिया एवं संचालन कु.प्रिया मिश्रा ने किया। शिविर में विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।

## कलेक्टर समग्र शिक्षा अभियान सहित विभागीय विकास कार्यो की आज करेंगी समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 22 मई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा करेंगी। इस दौरान विभिन्न योजना अन्तर्गत विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में शिक्षा विभाग के विभागीय विकास कार्यों की भी समीक्षा होगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीआईयू, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, डीईओ ट्रायवल, प्राचार्य सीएम राइज स्कूल एवं बीईओ व बीआरसीसी उपस्थित रहेंगे।

## मतगणना दलों का प्रथम चक्र का प्रशिक्षण 27 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना के लिए नियुक्त मतगणना दलों को प्रथम चक्र का प्रशिक्षण 27 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतगणना दलों के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को शासकीय टीआरएस कालेज में प्रशिक्षण में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण में काउंटिंग सुपर वाइजर एवं काउंटिंग सहायक, माइक्रो आब्जर्वर भी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# ननि द्वारा आयोजित किया गया मस्ती की पाठशाला समर कैंप



**रीवा।** गर्मियों की छुट्टियों को यादगार बनाने का सबसे अच्छा तरीका है बच्चों को एक ऐसा अनुभव देना जो न केवल मनोरंजन से भरपूर हो बल्कि उनके विकास में भी सहायक हो। इसी उद्देश्य से निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा आयोजित किया गया है 'मस्ती की पाठशाला' समर कैंप, जहां 5 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। समर कैंप में बच्चों को खेल-कूद, नृत्य, कला और क्राफ्ट जैसी कई रोमांचक गतिविधियों का भरपूर आनंद मिल रहा है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को न केवल मौज-मस्ती कराना है, बल्कि उन्हें नई चीजें सिखाना और उनके कौशल को विकसित करना भी है। खेल-कूद की गतिविधियों में बच्चे विभिन्न खेलों में भाग लेते हैं, जो उनकी शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देता है। नृत्य के सत्रों में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। वहीं कला और क्राफ्ट की कार्यशालाओं में बच्चे अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हैं। इस समर कैंप में भाग लेकर बच्चों ने न केवल खूब मजे कर रहे है बल्कि उन्होंने दोस्ती और सामाजिक कौशल भी सीखे। अभी तक 147 बच्चों का पंजीयन हो चुका है। यदि आप भी अपने बच्चों को एक ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो उनकी छुट्टियों को यादगार बना दे, तो मस्ती की पाठशाला समर कैंप आपके बच्चों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। मस्ती की पाठशाला (समर कैंप) का आयोजन नगर निगम द्वारा दिनांक 06.05.2024 से 14.06.2024 तक स्वागत भवन के पास नगर निगम स्कूल रीवा में किया जा रहा है। आप अपने बच्चों का नगर पालिक निगम रीवा के कक्ष क्रमांक 28 में रू. 200 जमा कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

## नगर निगम द्वारा लक्ष्मणबाग में अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई



**रीवा।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त तत्वाधान में शहर अंतर्गत लक्ष्मणबाग में अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। लक्ष्मणबाग में स्थिति शासकीय भूमि में कुशवाहा परिवार द्वारा अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था जिसे दिनांक 21.05.2024 को एसडीएम एवं तहसीलदार श्री शिवशंकर शुक्ल के निर्देशन में राजस्व अमले एवं नगर निगम अमले द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी श्री रावेन्द्र शुक्ला एवं राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा मिनर्वा हॉस्पिटल में आयोजित की गई स्वच्छता बैठक



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिनांक 21/05/24 को मिनर्वा हॉस्पिटल में स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आईईसी टीम द्वारा मेडिकल वेस्ट डस्ट बिन के उपयोग एवं स्वच्छ हॉस्पिटल के बारे में जागरुक किया। आईईसी टीम द्वारा बताया गया की जो मेडिकल वेस्ट निकलता है उसका निपटान सही ढंग से करना चाहिए उसको बहार नही फेकना चाहिए। मेडिकल वेस्ट हमारे स्वास्थ के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है साथ ही टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ हॉस्पिटल रैंकिंग के बारे में जानकारी दी गई। आईईसी टीम द्वारा हॉस्पिटल प्रबन्धन को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रीवा शहर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त आयोजन में आईईसी टीम, हॉस्पिटल प्रबन्धन के लोग उपस्थित रहे।

# चौरसिया समाज की बैठक सम्पन्न



**रीवा**

चौरसिया समाज की आवश्यक बैठक चौरसिया युनिटी भवन महसांव जिला रीवा में चौरसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया की अध्यभक्षता में सम्प न्नर हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महसांव गोरगी गांव के बीच लगे पान बरेज में आग लगने की वजह से लगभग 115 पारी पान बरेज जल कर राख हो गया है जिसमे 14 पान कृषको को भारी नुक्सा5न हुआ है। शासन प्रशासन से कोई मदद न मिलने के कारण चौरसिया समाज के कृषकों में काफी आक्रोश है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के द्वारा पीड़ित परिवार को 1000(एक हजार रुपए)प्रति पारी के मान से 115000/ (एक लाख पंद्रह हजार रुपए) आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाय। इसके पूर्व मे भी भीटी पतौता गांव के पीड़ित परिवार को 25000/ (पचीस हजार रुपए) सहयोग के राशि में समाज द्वारा दिया गया कुल मिलाकर समाज द्वारा 140000(एक लाख चालीस हजार रुपए) का सहयोग दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से इंजी0 भरतलाल चौरसिया रामानुज चौरसिया रामदयाल चौरसिया संतोष चौरसिया राधेलाल चौरसिया अयोध्या प्रसाद चौरसिया हेमलाल चौरसिया हनुमान चौरसिया प्रीतमलाल चौरसिया डिगनलाल चौरसिया लोकनाथ चौरसिया मैथिली चौरसिया राकेश नारायणदास चौरसिया रामकुशल चौरसिया गया प्रसाद चौरसिया बहादुर चौरसिया प्रभुदयल चौरसिया राकेश चौरसिया शिवनारायण चौरसिया रामबरन चौरसिया राघवदास चौरसिया खुशीलाल चौरसिया अशोक चौरसिया मुन्नालाल राजकुमार तेजभान अभय चौरसिया दीपू चौरसिया रवि चौरसिया रामलाल चौरसिया रजनीश कुमार चौरसिया उमालाल चौरसिया बीरेंद्र ,केशव चौरसिया गोरेलाल चौरसिया समाज के आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई कराई गई



**रीवा**

निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 21/05/2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 13 नेहरू नगर में शिवेंद्र सिंह पूर्व महापौर के घर के पास का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड क्र. 20 सब्जी मंडी की सफाई कराई गई। वार्ड क्र. 01 निपानिया कब्रिस्तान के बगल का बड़ा नाला साफ कराया गया एवं कचरे का उठाव कराया गया। साथ ही समान नाका से लेकर होटल लैंडमार्क होते हुए जेएनसिटी चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ डिवाइडर एवं पटरी की सफाई के साथ ही कचरे का उठाव टेक्क्टर एवं टैम्पो से कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833